संदेश

संसदीय कार्य एवं
खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री
भारत सरकार
एवं
अध्यक्ष, भारतीय मानक ब्यूरो
नई दिल्ली
27 अक्तूबर 1987

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी इस बात पर बल देते रहे हैं कि हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गुणता के प्रति राष्ट्रीय वचनबद्धता ही समय की मांग है। गुणता-प्राप्ति के लिए मानकीकरण एक अनिवार्य पूर्वापेक्षा है। वस्तुतः, मानक और गुणता नियंत्रण देश के औद्योगिक, कृषि और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण निवेश के रूप में काम करते हैं।

भारतीय मानक संस्था (वर्तमान भारतीय मानक ब्यूरो) ने पिछले 40 वर्षों के दौरान उपभोक्ताओं और उद्योगों को राष्ट्रीय मानक और गुणता नियंत्रण विशेषज्ञता प्रदान करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्था एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के अन्य देशों के साथ मानकीकरण और गुणता नियंत्रण के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता उपलब्ध कराती रही है। संस्था विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों में विकासशील विश्व के विचार विशिष्ट रूप से प्रकट करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानक समुदाय में विशिष्ट दर्जा प्राप्त कर चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान मानकीकरण व्यवस्था अपर्याप्त पाई गई थी, क्योंकि इसका कार्यक्षेत्र और प्राधिकार सीमित थे। इसलिए सरकार ने संसद द्वारा पिछले वर्ष पारित भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के माध्यम से 1 अप्रैल 1987 को भारतीय मानक ब्यूरो की स्थापना करके संस्था को वैधानिक दर्जा प्रदान किया है। ब्यूरो को अपनी गतिविधियां अधिक दक्ष और प्रभावी बनाने के लिए वैधानिक अधिकार दिये गये हैं।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि ब्यूरो नई व्यवस्था के अन्तर्गत अपेक्षित राष्ट्रीय आर्थिक विकास में अपनी भूमिका अधिक प्रभावी रूप से निभाने के लिए प्रयत्नरत है। ब्यूरो ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप मानकीकरण के लिए बल दिए जाने वाले क्षेत्रों की पहले ही पहचान कर ली है और मानकीकरण सेवा बृहद्तर रूप में उपलब्ध कराने के लिए अपनी गतिविधियों का पुनरायोजन करने के साथ-साथ आम उपभोक्ता को सुरक्षा और गुणता वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रमाणन मुहर योजना का कठोरतर अनुपालन सुनिश्चित करा रहा है।

मैं ब्यूरो के प्रयास में सफलता की कामना करता हूँ और केन्द्रीय सरकार की ओर से पूरे समर्थन का आश्वासन देता हूँ।

(हर किशन लाल भगत)

विषय सूची

महानिदेशक का वक्तव्य	5
भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 की महत्वपूर्ण विशेषताएं	13
मानकों का निर्धारण	15
प्रमाणन और गुणता आश्वासन	21
प्रयोगशालाएं	25
मानक परिवर्धन गतिविधियां	29
क्षेत्रीय और शाखा कार्यालय	35
अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	37
योजनागत प्रायोजनाएँ	41
कार्मिक प्रबन्ध और प्रशिक्षण	45
वित्त	49
परिशिष्ट क	50
वर्ष 1986-87 का लेखा	
परिशिष्ट ख	1
भा मा संस्था परिषदों और समितिओं के प्रमुख अधिकारी कर्मचारी	

भारतीय मानक ब्यूरो
(**पहले** भारतीय मानक संस्था)
मानक भवन, 9 बहादुर शाह ज़फर मार्ग
नई दिल्ली 110 002

महानिदेशक का वक्तव्य

संस्था की संवैधानिक हैसियत

भारतीय मानक संस्था सन् 1947 में अपनी स्थापना से ही उपयोक्ताओं और उद्योगों के लिए आवश्यक मानकों और विशिष्टियों का निर्धारण और उनके कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के द्वारा देश के आर्थिक और औद्योगिक विकास में बहुमूल्य योगदान दे रही है। देश में अभी हाल ही के कुछ वर्षों में औद्योगिकीकरण की तीव्र गति और बदलते हुए सामाजिक-आर्थिक परिवेश के कारण पूरे विश्व में हुई प्रौद्योगिकीय वृद्धि और देश में गुणता की वस्तुओं के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती हुई आकांक्षाओं के कारण राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण के वर्तमान ढांचे को अपर्याप्त समझा गया और संस्था के विषय क्षेत्र और प्राधिकार को इन जरूरतों की पूर्ति के लिए सीमित पाया गया। ऐसी परिस्थिति में सुधार करने के लिए सरकार ने भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के वर्तमान ढांचे को पुर्नगठित करने, और अपने आदेशों को और अधिक प्रभावशाली ढंग से लागू करने के योग्य बनाने के उद्देश्य से संवैधानिक प्राधिकार प्रदान करने का निर्णय लिया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पिछले वर्ष भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 पारित किया गया और भा मा संस्था की जगह भारतीय मानक ब्यूरो की, 1 अप्रैल 1987 से संवैधानिक संगठन के रूप में स्थापना की गई। ब्यूरो के सर्जन से यह सुनिश्चित होता है कि सभी महत्वपूर्ण हितों को अपेक्षित स्तरों पर प्रतिनिधान प्राप्त हो गया है। ब्यूरों में सांसदों, केन्द्रीय और राज्य सरकारों, कृषि और उपभोक्ता संगठनों, शैक्षिक, अनुसंधान, उद्योग और व्यावसायिक संगठनों, को प्रतिनिधान प्रदान किया गया है।

ब्यूरो को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अपने विभिन्न कार्यों के संचालन में समर्थता प्रदान करने के लिए पर्याप्त स्वायत्तता और अपनी गतिविधि के अनुसार अनुकूलता लाने के अधिकार दिये गये हैं। मानक मुहर के गलत उपयोग के लिये सजाएं पहले की अपेक्षा अधिक कड़ी कर दी गई हैं और ब्यूरो के अधिकारियों को मानक मुहर के दुरूपयोग के मामले में तलाशी लेने और माल पर कब्जा करने का विधिवत् प्राधिकार प्रदान किया गया है। अधिनियम में यह भी प्रावधान रखा गया है कि ब्यूरो किसी भी अनुसूचित उद्योग के कोई भी उत्पाद अथवा प्रक्रम को तत्संबंधित भारतीय मानक के अनुरूप होने के लिए सूचित कर सकता है, और ऐसे उत्पादों अथवा प्रक्रमों के लिए लाइसेंस के अधीन मानक मुहर को अनिवार्य रूप से लगाने के लिये सीधे ही कार्रवाई कर सकता है। इस अधिनियम में यह प्रावधान भी रखा गया है जिसके अधीन भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणन मुहर का उन अन्य देशों में भी प्रसार कर सकता है, जो गैट स्टैंडर्ड कोड नामक व्यापार में तकनीकी अवरोधों पर हुए समझौते के हस्ताक्षरकर्ता देश हैं।

मानकों का निर्धारण

वर्ष के दौरान मानकों के निर्धारण के अलावा, वर्तमान मानकों की समीक्षा और पुनरीक्षण के कार्य को विशेष प्राथमिकता दी गई। संस्था में, जुलाई 1986 में विभिन्न तकनीकी विभागीय परिषद् के अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें देश में राष्ट्रीय मानकीकरण क्रियाकलाप को अधिक बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध विभिन्न नीति विकल्पों की चर्चा की गई। अन्य बातों के साथ-साथ उस बैठक में उद्योग और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक जोर दिये जाने वाले क्षेत्रों को मालूम करने का आवहान किया गया, ताकि मानकीकरण के जोरदार प्रयासों को सक्रिय रूप से आरंभ किया जा सके और वर्तमान विषयों को उनकी तकनीकी और आर्थिक तत्संगतता के संदर्भ में जांचा जा सकें तथा मानकों में निर्धारण के लिये प्राथमिकताएं निश्चित की जा सकें। बाद में, मानक निर्धारण के लिये अधिक जोर देने वाले क्षेत्रों का पता लगाया जिनमें शुष्क भूमि के कृषि उपकरण, प्रदूषण नियंत्रण, औद्योगिक और उपभोक्ता सुरक्षा, ग्रामीण जल पूर्ति व स्वच्छता, अस्पताल आयोजना, ऊर्जा संरक्षण और अपारंपरिक ऊर्जा के स्रोत


जारी किए गए मानक
1000
900
800
700
600
500
400
300
200
100
0
851
543
855
530
891
581
944
546
934
587
1982-83
1983-84
1984-85
1985-86
1986-87
कुल
नए


लागू मानक
14 000
12 000
10 000
8 000
6 000
4 000
2 000
0
11 703
12 066
12 509
12 959
13 533
1982-83
1983-84
1984-85
1985-86
1986-87

सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्राथमिकता पर मानक निर्धारण के लिए 719 विषयों का पता लगाया गया। यह आशा की जाती है कि अधिक जोर देने वाले क्षेत्रों को मालूम करने और विषयों पर प्राथमिकता से कार्य करने से मानक निर्धारण गतिविधि में गुणात्मक परिवर्तन आ पायेगा जो उन्हें समय के अनुरूप अद्यतन रखने के साथ-साथ राष्ट्रीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुकूल भी रखेगा। इस क्रिया कलाप से आने वाले वर्षों में, विभिन्न बिभागों की मानकीकरण गतिविधि के लिये कार्यवाही योजना का आधार बनेगा।

वर्ष 1986-87 के दौरान कुल 934 मानकों का निर्धारण किया गया, जिससे 31 मार्च 1986 को लागू मानकों की संख्या 12959 से बढ़कर 1987 मार्च के अंत में 13533 हो गई। इस वर्ष 4 हैंडबुकों का भी प्रकाशन किया गया जिनमें सांख्यिकी गुणता नियंत्रण, टिम्बर इंजनियरी, औद्योगिक भवनों (प्रकाश एवं संवातन) की क्रियात्मक अपेक्षाओं और औद्योगिक फास्टनर्स की हैंडबुकें सम्मिलित हैं।

प्रमाणन मुहरांकन

वर्ष के दौरान प्रमाणन मुहर योजना के अधीन पिछले वर्ष के 1228 के मुकाबले 1370 नए लाइसेंसों को मंजूरी दी गई जिससे 31 मार्च 1987 को लागू लाइसेंसों की संख्या 9350 हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसकी तुलना में यह संख्या 8520 थी। इन नए लाइसेंसों में 339 उत्पाद सम्मिलित किए गए इनमें से 37 को पहली बार ही योजना के अधीन लाया गया।

31 मार्च 1987 तक भारतीय मानकों के अनुरूप प्रमाणित उत्पादों की संख्या 1 244 थी जबकि पिछले वर्ष के अंत तक यह संख्या 1207 थी। इनमें से, लगभग 253 मानक, आम उपभोक्ता के विशेष हितों की वस्तुओं से सम्बन्धित थे। इसके अलावा, आम उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा के लिए दूध उत्पादों (दूध पाउडर एवं संघनित दूध) और वनस्पति की पैकिंग के लिए प्रयुक्त डिब्बे, ऐसी अतिरिक्त मदें थीं जिन्हें वर्ष के दौरान अनिवार्य प्रमाणन मुहर योजना के अधीन लाया गया ताकि इन उत्पादों की उपयुक्त गुणता सुनिश्चित हो सके। नयम्बर 1986 में गुणता माह कार्यक्रम के दौरान बहुत सी उपभोक्ता मदें जैसे कि बिजली के घरेलू उपकरण, सामान्य प्रकाश के लिए लैंप, शुष्क बैटरियाँ और छत के पंखे आदि को छांटा गया ताकि उनको अनिवार्य प्रमाणन में धीरे-धीरे शामिल किया जा सके। इस परियोजना को सफलता से लागू कर लेना संगठन के लिए एक चुनौती होगा और वर्ष के दौरान इस संबंध में कुछ प्रारंभिक कदम उठाए गए।

प्रमाणन योजना को लागू करने में आने वाली तकनीकी और संचालन सम्बन्धी कठिनाइयों से निपटने के लिए संस्था ने लाइसेंसधारियों के साथ विशिष्ट उत्पादों के क्षेत्र में जानकारी प्राप्त करने के लिए आवधिक समीक्षा बैठकें आयोजित कीं।

अन्य निरीक्षण एजेसिंयों के साथ आपसी लाभ के लिए किए गए प्रयासों में तालमेल बैठाने के लिए लगातार किए गए विचाय-विमर्श के परिणामस्वरूप पूर्ति और निपटान महानिदेशालय ने वर्ष के दौरान 25 ऐसे उत्पादों की सूची बनाई है जो वह आई एस आई प्रमाणन मुहर अंकित रूप में ही खरीदेगा और उनका पूर्व निरीक्षण नहीं करेगा।

प्रयोगशालाएं

वर्तमान परीक्षण सुविधाओं को आधुनिक बनाने और परीक्षण के अतिरिक्त कार्य भार को निपटाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान रु. 63 लाख से अधिक के उपस्कर प्रयोगशालाओं में लगाए गए ताकि अतिरिक्त उत्पादों के लिए परीक्षण सुविधाएं जुटाई जा सकें। वर्ष के दौरान 8 नई स्वतन्त्र प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की गई ताकि ये प्रयोगशालाएं भारतीय मानक संस्था के लिए परीक्षण का कार्य कर सकें। इस प्रयोजन के लिए संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की कुल संख्या अब 240 हो गई है।

चाय की पेटियों के परीक्षण के अलावा संरचना इस्पात जैसे उत्पादों का परीक्षण करने के लिए गुवाहटी शाखा कार्यालय में परीक्षण सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की गई है। इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान बंगलौर शाखा कार्यालय के प्रयोगशाला भवन का निर्माण कार्य पूरा किया गया और प्रयोगशाला में परीक्षण उपस्कर जुटाने के लिए उपाय किए गए।

प्रयोगशालाओं ने पिछले वर्ष के 27512 नमूनों की तुलना में इस वर्ष 29987 नमूनों का परीक्षण किया जिससे इस कार्य में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केन्द्रीय प्रयोगशाला ने कई अनुसंधान और विकास योजनाओं को हाथ में लिया ताकि भारतीय मानकों के वर्तमान प्रावधानों की समीक्षा प्राथमिक रूप से की जा सके।

अन्य संगठनों के साथ परस्पर क्रियाकलाप

संस्था ने मानकीकरण की गतिविधियों में कार्यरत अन्य संगठनों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क बनाये रखा और परस्पर क्रियाकलाप भी जारी रखा। भारतीय मानक संस्था को कई सवैंधानिक निकायों, सरकारी विभागों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं, उपभोक्ता संगठनों आदि द्वारा प्रतिनिधान दिया गया। अन्य संगठनों के साथ अपने क्रियाकलापों में सुधार लाने की दृष्टि से संस्थान ने स्टील अॅथारिटी ऑफ इंडिया, भारत हैवी इलैक्ट्रिकल लि०, नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ बैठकें आयोजित कीं।



गुणता अनुरक्षण और गुणता सुधार माह

देश में, नवम्बर 1986 में गुणता अनुरक्षण और सुधार माह मनाया गया जिसके द्वारा संस्था को निर्माताओं, उपभोक्ता-संगठनों और सरकारी विभागों में मानकीकरण और गुणता प्रणालियों के बारे में जागृति फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने और उनमें भाग लेने का श्रेष्ठ अवसर मिला। संस्था ने समाज के विभिन्न तबकों में गुणता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और संगठन स्तर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन कार्यक्रमों में सम्मिलित किए गए विषयों में उत्पादकता के साथ गुणता का परस्पर सम्बन्ध; मानकीकरण, निरीक्षण और परीक्षण, अन्तर्राष्ट्रीय प्रति स्पर्धात्मकता और उपभोक्ता आन्दोलन शामिल थे। कुल मिला कर, संस्था ने ऐसे 200 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया जो देश के विभिन्न भागों के सरकारी संगठन, उद्योग संगठन, उपभोक्ता समूहों और व्यावसायिक निकायों के लिए आयोजित किए गए थे। राष्ट्रीय स्तर पर इसने गुणता पर राष्ट्रीय सम्मेलन और गुणता उपभोक्ता पर राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन करने के लिए राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् के साथ सहयोग किया।

गुणता अनुरक्षण और सुधार माह के दौरान गोष्ठियों और विचारगोष्ठियों में बहुत सी सिफारिशें की गईं जो संस्था की गतिविधियों और बाजार में मिलने वाले उत्पादों की गुणता सुनिश्चित करने में संस्था की भूमिका पर अधिक ज़ोर देने से संबंधित थीं।

मानकों का परिवर्धन

संस्था ने सम्मेलन और गोष्ठियाँ आयोजित करके देश में मानकीकरण के प्रति अधिक जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों में बढ़ोतरी की। इस संबंध में विशेष उल्लेख नई दिल्ली में आयोजित मानक तकनीकी विनियम और निर्यात सम्बन्धी राष्ट्रीय सम्मेलन गुणता तथा उपभोक्ता सम्बन्धी राष्ट्रीय गोष्ठी, तकनीकी शिक्षा में भारतीय मानकों पर राष्ट्रीय कार्यशाला और बम्बई में आयोजित अग्निशमन उपस्कर सम्बन्धी उद्योगपरक सम्मेलन, कोयम्बतूर में आयोजित औद्योगिक वस्त्रादि के (बुने हुए और न बुने हुए) में मानकीकरण का प्रभाव तथा नई दिल्ली में आयोजित उपभोक्ता इलैक्ट्रानिकी एवं मानकीकरण और केरल, महाराष्ट्र तथा कर्नाटक राज्यों में

आयोजित राष्ट्रीय विद्युतसंहिता परिचायक कार्यक्रम का किया जा सकता है।

वर्ष के दौरान पूर्ति और निपटान महानिदेशालय, मानकीकरण निदेशालय (रक्षा मंत्रालय) अनुसंधान, डिजाइन और मानक संगठन (रेल मंत्रालय) और अन्य सरकारी विभागों ने हमारी गतिविधियों को बल प्रदान किया और अपने क्रियाकलापों में कई नए मानक ग्रहण किए।

वर्ष के दौरान संस्था इस्पात में अंतर संयत्र मानकीकरण सम्बन्धी गतिविधि के लिए सचिवालय सुविधाएं प्रदान करती रही।

सूचना सेवा

संस्था अपनी 4 पत्रिकाओं अर्थात् आईएसआई बुलेटिन (अब स्टैंडर्ड्स इंडिया), मानकदूत .(हिन्दी में), स्टैंडर्ड्स मंथली एडीशन्स और स्टैंडर्ड वर्ल्ड ओवर, मंथली एडीशन के माध्यम से मानकीकरण सम्बन्धी नवीनतम जानकारी प्रदान करती रही। इसके अलावा, दो प्रलेखन बुलेटिन अर्थात् भामासंस्था पुस्तकालय में मानकीकरण सम्बन्धी नवीनतम प्रकाशित सूचना और मंगाई गई नई सूचना सामग्री पुस्तकें तथा पैम्पलेट प्रतिमाह प्रकाशित होते रहे। विशेष अनुरोध पर विभिन्न विषयों से सम्बन्धी अनेक विस्तृत ग्रन्थ सूचियों का संकलन भी किया गया। व्यापार से सम्बन्धित तकनीकी अवरोध समझोते (गैट मानक संहिता के नाम से प्रसिद्ध) के अधीन भारतीय मानक संस्था के मुख्यालय में स्थापित एक पूछताछ केंद्र ने देश में मानकों, तकनीकी विनियमों और प्रमाणन प्रणालियों के सम्बन्ध में देश में और देश के बाहर से प्राप्त पूछताछ के बारे में जानकारी दी। भारत में, गैट पूछताछ केन्द्र की स्थापना और सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी देने के लिए संस्था ने, जनवरी 1987 में नई दिल्ली में मानकों, तकनीकी विनियमों और निर्यात से सम्बन्धी एक राष्ट्रीय सम्मेलन, केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया। इस सम्मेलन में देश के व्यापारिक हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण के प्रयासों में उद्योग और सरकार द्वारा सक्रियता से भाग लेने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

संस्था की बहुत सी गतिविधियों को करने के लिये कम्प्यूटर का उपयोग हो रहा है ताकि प्रतिदिन के कार्यों को निपटाने में गति लाई जा सके और प्रगति को नियंत्रित व मानीटर करने के लिये तत्संबंधी प्रबन्ध सूचना उपलब्ध की जा सके। वर्ष के दौरान जिन क्षेत्रों में कम्प्यूटर का उपयोग किया गया, वह क्षेत्र प्रयोगशाला उपस्कर के लिए स्टाक रजिस्टर, प्रयोगशाला गतिविधियों को प्रबन्ध नियंत्रण रिपोर्ट प्रयोगशाला परीक्षण का विश्लेषण और नमूनों का संचलन और अपकेन्द्री पम्पों की कार्यक्षमता और निकास सम्बन्धी आंकड़े हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

संस्था अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अंतर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) की प्रशासनिक और तकनीकी समितियों में भाग लेने के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण गतिविधियों में सक्रिय भाग लेती रही। इस वर्ष की एक महत्वपूर्ण घटना यह रही कि भामा संस्था के महानिदेशक को, आईएसओ का, दक्षिण-एशिया-ईरान क्षेत्र के लिए वर्ष 1987-89 के लिए क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया गया।

मानकीकरण और मापविज्ञान के क्षेत्र में भारत-सोवियत सहयोग में बराबर प्रगति होती रही। मानकीकरण और मापविज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग सम्बन्धी कार्यकारी दल की 11वीं बैठक जून 1986 में नई दिल्ली में हुई, जिसमें अगले एक वर्ष के लिए विस्तृत कार्यक्रम पर दोनों पक्षों के बीच सहमति हुई तथा दोनों पक्षों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों को मालूम किया गया। संस्था ने भारत और सोवियत पक्षों के बीच हुई उच्च स्तरीय चर्चा में भी भाग लिया जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग के उन विषयों को मालूम किया गया जिन पर अधिक जोर दिया जाना चाहिये।

नीति के अनुसार, संस्था विकासशील देशों में मानकीकरण कार्यक्रमों के आयोजन और उनके समन्वय में सहायता देती आ रही है। इसी उद्देश्य से संस्था ने वर्ष के दौरान विकासशील देशों के लिए उन्नीसवाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 15 विभिन्न देशों के उन्नीस प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। अब तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत, एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के 41 विकासशील देशों के 288 तकनीकी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

मानव शक्ति विकास

संस्था में मानव शक्ति संसाधनों में सुधार लाने के कार्यक्रम के भाग के रूप में संगठन के अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए एक कर्मीदल गठित किया। वर्ष के लिए प्रशिक्षण योजना प्रस्तुत करने के अलावा कर्मीदल ने अलग से एक प्रशिक्षण विभाग स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

संस्था में विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों को परिसर में प्रशिक्षण दिये जाने की दिशा में काफी वृद्धि की गई। वर्ष के दौरान संस्था के विभिन्न कार्यकलापों से संबंधित लगभग 18 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें 300 कार्मिकों ने भाग लिया। ये कार्यक्रम कम्प्यूटर के उपयोग, भारतीय मानकों के मसौदे तैयार करने, विभिन्न उत्पादों के परीक्षण, मानकीकरण के सिद्धांतों और पद्धतियों में पुर्नश्चर्या पाठ्यक्रमों आदि से संबंधित थे।

संस्था अपने कार्मिकों को बाहर की विशिष्ट एजेंसियों से प्रशिक्षण दिलाने में सहायता लेती रही। विभिन्न वर्गों के पदों के 50 कर्मचारियों को बाहर से प्रशिक्षण दिलाया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रबन्धकीय प्रभावशीलता, मानव शक्ति आयोजन, कार्यालय प्रशासन, शिकवे और शिकायतें, कार्यक्षम बजट बनाना और वित्तीय प्रबन्ध आदि विविध विषयों से संबंधी थे।

कार्मिक सम्बन्ध

संस्था के कर्मचारियों और प्रबन्धकों के बीच अच्छे और सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध रहें और कार्मिकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का विभिन्न स्तर पर आपसी विचार-विमर्श और चर्चा से निवारण किया गया।

वर्ष के दौरान संस्था के स्टाफ के लिए भवन निर्माण ऋण, खतरनाक वातावरण में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए व्यैक्तिक दुर्घटना बीमा, होली-डे होम सुविधाएं और कर्मचारियों के लिए आर्थिक सहायता प्रदत्त केन्टीन की सुविधाएं दी गईं।

वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विभिन्न श्रेणियों के पदों में प्रतिनिधान बढ़ कर 298 हो गया।

वित्त

अपने स्रोतों से अपनी आय में वृद्धि करने के संस्था के प्रयासों के फलस्वरूप आय में 24% की बढ़ौतरी हुई। इससे संस्था के आवर्ती व्यय की पूर्ति के लिए सरकारी अनुदान 8.2 प्रतिशत रखा जा सका।

भावी योजनाएं

भारतीय मानक ब्यूरो के बनने के साथ ब्यूरो पर और अधिक जिम्मेदारियाँ आ गई हैं। भारतीय मानक ब्यूरो भारतीय उद्योग में गुणता को बढ़ावा देने हेतु मानकीकरण सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली ढंग से उपलब्ध कराने के लिए अपनी गतिविधियों का पुर्नगठन कर रहा है। उभरती हुई प्रौद्योगिकी के नये क्षेत्रों जैसे रेशा प्रकाशिकी, अपरम्परागत स्रोतों से ऊर्जा आदि को मानकों का निर्धारण करने के लिए मालूम किया जा रहा है। मानकीकरण की हमारी भावी योजनाओं में उभरती हुई प्रौद्योगिकी को अत्याधिक महत्व दिया जाएगा और रेशा प्रकाशिकी और कम्प्यूटर पैरीफेरल्स और अपरम्परागत स्रोतों से ऊर्जा के क्षेत्रों से सम्बन्धित मानकों के निर्धारण का कार्य शीघ्र ही पूरा किया जायेगा।

देश में आम उपभोक्ता को सुरक्षा तथा गुणता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रमाणन मुहर अंकन को अधिक कठोरता से लागू करने के लिए प्रमाणन-मुहरांकन ढ़ांचे को अनुकूल बनाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाली कुछ आम उपभोक्ता वस्तुओं को अनिवार्य प्रमाणन के लिए मालूम कर लिया गया है और निकट भविष्य में उन्हें प्रमाणन योजना के अन्तर्गत लाने के लिए अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं उनमें से कुछ वस्तुएं बिजली और तेल दाब से जलने वाले उपकरण हैं।



ब्यूरो की परीक्षण सुविधाओं को अनुसंधान एवं विकास कार्य तथा परीक्षण की बढ़ती हुई माँग को पूरा करने के लिए और अधिक बढ़ाया जाएगा।

ब्यूरो प्रौद्योगिकी उन्नति करने और भारत में उत्पादित माल के सम्बन्ध में वस्तुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उपाय बढ़ा रहा है ताकि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में ये उद्देश्य पूरे किये जा सकें। भारत के महत्वपूर्ण और व्यापक हितों से सम्बन्धित आईएसओ और आईईसी की तकनीकी समितियों के बारे में मालूम करने के लिए विस्तृत समीक्षा का कार्य हाथ में लिया जा रहा है।

आभार प्रदर्शन

ब्यूरो अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए निर्बाध रूप से समर्थन और सहायता के लिए विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों का, मानक निर्धारण कार्य में विज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए समिति सदस्यों का, और विभिन्न सरकारी तथा निजी संगठनों को मानकीकरण कार्य में अधिक मात्रा में लगाने और प्रमाणन गतिविधियों को अधिकाधिक समर्थन देने के लिए और अंत में, संस्था के कर्तव्य निष्ठ कर्मचारियों में से प्रत्येक की सराहना करता है और आभार प्रगट करता है। देश के औद्योगिक और आर्थिक विकास में प्रभावशाली और कुशलता से अपनी भूमिका निभाने के लिए ब्यूरो अपनी गतिविधियों में सरकार, उद्योग विशेषज्ञों, शैक्षिक संस्थाओं और अन्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निकायों से अधिकाधिक सहयोग की उत्सुकता से अपेक्षा करता है।

कि. रा. परमेश्वर

(कि. रा. परमेश्वर)

भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 की प्रमुख विशेषताएं

प्रस्तावना

मानकीकरण एवं गुणता-संबंधी जागरूकता को एक नई दिशा देने के लिए भारत सरकार ने देश में मानकीकरण गतिविधि को प्रभावशाली बनाने के लिए, दिसम्बर 1986 में भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 पारित किया है जिसके द्वारा वर्तमान भारतीय मानक संस्था का पुनर्गठन करने एवं उसके ढांचे को बदलने में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नये संगठन-भारतीय मानक ब्यूरो (भा मा ब्यूरो) ने 1 अप्रैल 1987 से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।

इस राष्ट्रीय मानक निकाय को और अधिक प्रभावशाली बनाने की दृष्टि से अधिनियम के द्वारा संवैधानिक हैसियत प्रदान की गई है। ब्यूरो की स्थापना के द्वारा सरकार ने मानकों के निर्धारण और गुणता प्रकृति एवं जागरूकता तथा मानकों के निर्धारण और उनको लागू करने में उपभोक्ताओं और उनके प्रतिनिधि संगठनों को शामिल करने तथा प्रमाणन मुहर योजना को और अधिक वैधानिक प्रस्थिति प्रदान करने पर ध्यान दिया। संवैधानिक निकाय के रूप में ब्यूरो को अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के संचालन में स्वतन्त्रता रहेगी और उसे अपनी नीतिगों, प्राथमिकताओं एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रगों के मामलों में भारत सरकार से व्यापक निर्देश मिलते रहेंगे। नये अधिनियम से ब्यूरो को अपनी विभिन्न गतिविधियों को और अधिक विस्तृत ढंग से चलाने में और विभिन्न हितों को अधिकाधिक मात्रा में शामिल करने में सहायता मिलेगी; क्योंकि ब्यूरो की मानक निधारण, उत्पाद-प्रमाणन-गुणता-आश्वासन, परामर्श सेवा, गुणता मूल्यांकन, परीक्षण आदि सभी गतिविधियां भी संवैधानिक स्वरूप की हो गई हैं।

संगठनात्मक स्वरूप

केन्द्रीय सरकार के विभाग अथवा मंत्रालय के प्रभारी मंत्री द्वारा पदेन अध्यक्ष के रूप में ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखा जाता है, और ब्यूरो की सदस्यता में केन्द्रीय और राज्य सरकारों, उद्योगों, उपभोक्ता संगठनों आदि के प्रतिनिधि और संसद सदस्य शामिल हैं। विभिन्न कार्यक्षेत्रों में सलाह देने के लिये ब्यूरो की अन्य प्रशासनिक समितियां–कार्यपालक और सलाहकार समितियां होंगी। कार्यपालक समिति के अध्यक्ष महानिदेशक होंगे।

अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं

—**राष्ट्रीय-स्तर-समन्वयन** – राष्ट्रीय स्तर पर भा मा संस्था के अतिरिक्त देश में बहुत से ऐसे संगठन हैं जो अपने सम्बद्ध क्षेत्रों में मानकों का निर्धारण करते हैं। ब्यूरो का संवैधानिक निकाय के रूप में गठन करके इन राष्ट्रीय स्तर के मानकीकरण प्रयासों में समन्वय करना संभव हो सकेगा।

—**अनिवार्य प्रमाणन**–इस कानून से सरकार को यह अधिकार मिलते हैं कि वह जनता के हित में अनुसूचित उद्योग की किसी भी वस्तु अथवा प्रक्रम के लिए अनिवार्य प्रमाणन आरम्भ कर दें।

—**प्रमाणन योजना को प्रभावशाली ढंग से लागू करना**– उपभोक्ताओं के हित को अधिक सुरक्षा प्रदान करने और प्रमाणन योजना को और अधिक प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिए इस कानून में यह प्रावधान है कि उपभोक्ता और मान्यता प्राप्त उपभोक्ता संगठनों को उत्पादों की गुणता के बारे में शिकायत करने का अधिकार है और इसके साथ ही मानक मुहर के गलत उपयोग के लिए कारावास की सजा में भी बढ़ोतरी की गई है तथा इसके अतिरिक्त मानक मुहर के गलत उपयोग का संदेश होने के मामले में निरीक्षण अधिकारियों को अन्वेषण करने और माल जब्त करने का अधिकार भी मिल गया है।

सरकार के नीति निर्देश–यद्यपि ब्यूरो को अपनी गतिविधियों को चलाने में पर्याप्त सहायता और

गतिविधियों के अनुरूप अनुकूलता लाने का अधिकार होगा, फिर भी इस कानून से केन्द्रीय सरकार को नीति संबंधी मामलों के लिये ब्यूरो को निर्देश जारी करने का भी अधिकार रहेगा जिससे कि ब्यूरो अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप चला सकें।

इस अधिनियम के तहत ब्यूरो अपनी प्रमाणन योजना को उन अन्य देशों में लागू कर सकेगा जिन देशों ने व्यापार में तकनीकी अवरोध पर हुए समझौते को जिसे गैट मानक संहिता के नाम से जाना जाता है, पर हस्ताक्षर किये हैं।

मानकों का निर्धारण



मानक सरकार की आर्थिक और प्रौद्योगिक नीतियों को यथार्थता में रूपान्तर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस राष्ट्रीय संदर्भ में संस्था की भूमिका को अधिक प्रभावशाली बनाने और ऐसे तरीके और साधन ढूंढ निकालने के लिए जिसके द्वारा मानक निर्धारण गतिविधियों में यह भूमिका प्रतिबिम्बित हो सके, संस्था ने वर्ष के दौरान विभिन्न तकनीकी विभाग परिषदों के अध्यक्षों की बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में ऐसे क्षेत्र मालूम किये जहां संस्था की गतिविधियों को राष्ट्रीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता थी। इस कार्यकलाप के परिणाम का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:

1) मालूम किये गये महत्वपूर्ण क्षेत्र,
2) पहली प्राथमिकता के लिए मालूम किये गये विषय,
3) पहली प्राथमिकता के आधार पर पुनरीक्षण के लिए मालूम किये गए मानक
4) मालूम की गई हैंडबुकें, और
5) प्रणालियों के मानकीकरण के लिए मालूम किये गए विषय।

प्राथमिकता के आधार पर मानक निर्धारण के लिए जोर दिए जाने वाले कुछ नये क्षेत्र निम्नलिखित हैं:

—शुष्क भूमि, कृषि उपकरण
—तेल और तिलहन/दालें/निष्कर्ष्णों का संग्रहण
—प्रदूषण नियंत्रण
—प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता सुरक्षा
—ग्रामीण जल पूर्ति और स्वच्छता
—अस्पताल आयोजना
—सौर प्रकाश-वोल्टीय ऊर्जा प्रणाली
—सीटीवी और उसके महत्वपूर्ण घटक
—ऊर्जा संरक्षण

मानकों के निर्धारण से संबंधी गतिविधि ग्यारह तकनीकी विभागों, प्रकाशन और सांख्यिकी विभागों द्वारा की जा रही है।

संस्था ने वर्ष के दौरान 934 नये और पुनरीक्षित मानक जारी किये। इसके साथ 31 मार्च 1987 को मानकों की कुल संख्या 13 533 थी, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 12 959 थी। मानक निर्धारित गतिविधियों से संबंधी कुछ महत्वपूर्ण ब्यौरे निम्नलिखित हैं (सारणी 1 भी देखें):

वर्ष के दौरान जारी किये गये नये मानक	587
वर्ष के दौरान पुनरीक्षित मानक	347
वर्ष के दौरान वापस लिये गये मानक	13
31 मार्च 1987 को लागू मानक	13 533
31 मार्च 1987 तक पुनरीक्षित मानकों का कुल संचयी योग	5 936
31 मार्च 1987 को वापस लिए गये मानकों का कुल संचयी योग	676
रिप्रिंट किये गये मानक	588
जारी किये गये संशोधन	225

अब तक निर्धारित किये गये मानकों को व्यापक रूप से निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

क) उत्पादों के लिए मानक	58 प्रतिशत
ख) परीक्षण की पद्धतियाँ	16 प्रतिशत
ग) रीति संहितायें	11 प्रतिशत
घ) शब्दावली, संकेत और आयाम,	8 प्रतिशत
ङ) अन्य	7 प्रतिशत

मानकों का पुनरीक्षण—कार्यविधि के अनुसार सभी मानक जो 5 वर्ष से अधिक पुराने होते हैं, का पुनरीक्षण करने की आवश्यकता होती है और यह निर्णय लिया जाता है कि मानक को पुर्नपृष्ठ किया जाये, या उसका पुनरीक्षण किया जाये अथवा उसको वापस ले लिया जाये। मानकों का पुनरीक्षण विषय समिति की बैठकों के दौरान किया जाता है। इस दिशा में किये गये जोरदार प्रयासों के

परिणामस्वरूप नवम्बर 1986 के अंत तक पुनरीक्षण किये जाने वाले मानकों की संख्या 4 544 थी जो वर्ष के अंत तक घटकर 1 305 हो गई।

तकनीकी विभागों की मानक निर्धारण गतिविधि का प्रमुख ब्यौरा निम्नलिखित है:

लागू लाइसेंस का पर्यवेक्षण—समीक्षा-अवधि के दौरान लाइसेंसों की स्वीकृति, पर्यवेक्षण, प्रचालन आदि के लिए किए गए निरीक्षणों की संख्या सारणी 3 में दी गई है।

सारणी-1 विभागों और तकनीकी प्रभागों का कार्य-ब्यौरा

विभाग	समितियों की संख्या	बैठकों की संख्या	नए और पुनरीक्षित मानक, प्रकाशित और मुद्रणाधीन	मानकों के संशोधन	व्यापक रूप से परिचालित किए गए मसौदे	कार्यक्रम में सम्मिलित किए गए नये विषय
कृषि और खाद्य उत्पाद	148	30	84	19	77	42
रसायन	225	118	79	13	90	79
सिविल इंजीनियरी	298	93	105	27	112	8
उपभोक्ता उत्पाद और चिकित्सा उपकरण	60	61	66	16	65	14
इलैक्ट्रॉनिकी और दूर संचार	88	60	85	3	93	14
विद्युत तकनीकी	223	60	75	35	95	13
समुद्री, भारवहन और पैकेजबन्दी	106	56	42	5	66	37
यांत्रिक इंजीनियरी	252	150	168	75	154	30
पैट्रोलियम, कोयला और सम्बद्ध उत्पाद	160	85	63	14	50	20
संरचना और धातु	278	71	98	6	106	44
वस्त्रादि	105	61	57	11	60	9
विविध	47	30	12	1	24	5
योग	1 990	875	934	225	992	315

कृषि और खाद्य उत्पाद

वर्ष के दौरान कृषि निवेश/उपकरणों/संसाधित खाद्यों, कीटनाशकों आदि के क्षेत्र में अनेक मानक निर्धारित किए गए। इनमें से निम्नलिखित का विशेष उल्लेख किया जा सकता है:

—तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों में ओरगेनोक्लोरीन कीटनाशकों के अवशिष्ट ज्ञात करना

—गन्ना काटने की दरातियाँ

—कार्बराइल (गामा) दानें

—चीनी उद्योग के लिए चीनी ग्रेड की स्क्रीन

—आलू रोपक

—गन्ना रोपक

—चाय संबंधी पारिभाषिक शब्दावली

—ताजे फलों के संवेदी मूल्यांकन की पद्धति

—अन्न और दालों का भंडारण नामक मानकीकरण के लिए एक नया क्षेत्र 'सतह ढकी बुआई संरचनाएँ' किया गया है और इसके लिए एक विषय समिति का गठन किया गया है।

रसायन

वर्ष के दौरान निर्धारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण मानक निम्नलिखित से संबंधित हैं:

—संश्लिष्ट अपमार्जकों के सुरक्षा मूल्यांकन की पद्धतियां

—एल्काइड रेजिन

—अखबारी कागज

—खाद्य के साथ संपर्क में आने वाले इनैमल पात्रों से निकलने वाले विषाणु पदार्थों की अनुमत सीमा का परीक्षण करने की पद्धतियाँ

—मिथाइल ब्रोमाइड की सुरक्षा संहिता

—स्थायी और अर्ध-स्थायी रिकार्डों के लिए कागज़

—सीमेंट संयंत्रों से विविक्त पदार्थ के उत्सर्जन की सीमाएं

सिविल इंजीनियरी

एस्बेस्टॉस और एस्बेस्टॉस उत्पादों को उठाने-धरने वाले उद्योगों में लगे मजदूरों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए विभाग ने मानक निर्धारण के लिए 18 विषयों को ज्ञात

किया है। वर्ष के दौरान इस क्षेत्र में सात मानकों का निर्धारण किया गया है। विभाग के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र आग सुरक्षा में काफी महत्वपूर्ण बातें शामिल की गई हैं। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में लगातार की जाने वाली गतिविधि के रूप में रसायन-आधारित-उद्योगों, इस्पात संयंत्रों, आटे की चक्कियों और होटलों में आग से सुरक्षा के लिए मानक बनाए जा रहे हैं। नलकूपों के लिए पीवीसी केसिंग और स्क्रीन पाइप, कृषि पम्पों के साथ प्रयुक्त पीवीसी पाइप और ग्रामीण समुदायों के लिए निक्षालन गड्ढ़ों की स्वच्छता पर मानक निर्धारित किए जा रहे हैं। ये मानक ग्रामीण विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

वर्ष के दौरान निर्धारित मानकों में से निम्नलिखित का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है·

—भवनों पर सौर विकिरण परिकलन की सिफारिशें

—अपशिष्ट एस्बेस्टॉस सामग्री के निपटान की सिफारिशें

—धातु से लगी आग बुझाने हेतु अग्नि शामकों के लिए सूखा पाउडर

—टेप एक्सटेंसोमीटर प्रयुक्त करते हुए संरचनाओं की गति का क्षेत्र मानीटर करने की रीति संहिता

—जलमल प्रणालियों में प्रवेश करते समय सुरक्षा हिदायतों की रीति संहिता

—मिट्टी के छोटे बांधों (सामान्यतः 15 मी से कम ऊँचे) का डिजाइन

—स्वचल गेट नियंत्रण के लिए फ्लोर चालित उच्चालक यंत्रावली के डिजाइन की मार्गदर्शिका

उपभोक्ता उत्पाद और चिकित्सा उपकरण

इस अवधि में निर्धारित मानकों में से विशेष मानक निम्नलिखित से संबंधित हैं:

—घरेलू एलपीजी संस्थापन के लिए सुरक्षा की रीति संहिता

—घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी ज्वलन उपकरणों के लिए गैस की टोटियाँ

—ब्रैल कागज

—संवेदनाहारी उपकरण (ड्राओवर, सुवाह्य प्रकार)

यह विभाग खेलकूद सामग्री से संबंधित पहले से निर्धारित मानकों की समीक्षा इस दृष्टि से कर रहा है कि उन्हें खेलों के अद्यतन नियमों के अनुरूप बनाया जा सके। वर्ष के दौरान इस संबंध में अधिकांश कार्य किया जा चुका है और शेष कार्य आगामी वर्ष में पूरा किया जा सकेगा। इस विभाग में एक अन्य कार्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और वह ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से एलपीजी के साथ प्रयुक्त घरेलू गैस स्टोवों की ताप-क्षमता में सुधार लाने से संबंधित है।

'सबके लिए स्वास्थ्य' के राष्ट्रीय उद्देश्य को पूरा करने में सहायता प्रदान करने की दृष्टि से विभाग में अस्पताल योजना पर एक नई विषय समिति का गठन किया गया है। यह समिति विभिन्न श्रेणियों के अस्पतालों की संपूर्ण योजना के लिए मानक मार्गदर्शी सिद्धांत और रीतियाँ तैयार करेगी।

इलैक्ट्रॉनिकी और दूर संचार

वर्ष के दौरान निर्धारित किए गए मानकों में से निम्नलिखित का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है:

—रेडियो प्रसारण उपस्कर की सुरक्षा अपेक्षाएं

—वीडियो टेपरिकॉर्डर, प्रकार बी, कुण्डलीनुमा

—इलेक्ट्रॉनिकी उपस्करों के निर्माण, उपयोग रखरखाव और डिजाइनों में मानव-सुरक्षा पर संदर्शिका

—बहु-प्रणाली टेलिविजन ट्यूनरों की मापन पद्धतियाँ

—मुद्रित बोर्डों के सम्मुचय की संदर्शिका

—रुपान्तरित आवृति मॉडलन अभिलेखन का उपयोग करते हुए 130 मिमी दोनों तरफ से उपयोग करने वाले 3.8 टीपी मिमी पर नम्य डिस्क

—कार्ट्रिजेस पर आकड़े अन्तपरिवर्तन की विशिष्टि

वर्ष के दौरान एक नई, रेशा प्रकाशिकी विषय समिति (एलटीडीसी 27) का गठन किया गया जो रेशा प्रकाशिकी प्रणालियों और दूर संचार उपस्करों के साथ प्रयुक्त होने वाली युक्तियां और सम्बद्ध घटक तथा सम्बद्ध तकनीकों का इस्तेमाल करने वाली युक्तियों के लिए राष्ट्रीय मानक निर्धारित कर सके।

विद्युत तकनीकी

वर्ष के दौरान निर्धारित मानकों में महत्वपूर्ण मानक निम्नलिखित हैं:

—निम्न वोल्टता प्रणालियों के लिए रोधन समन्वय की संदर्शिका

—विद्युत उपकरणों की रोधन प्रणालियों के मूल्यांकन की संदर्शिका

—मशीन औजारों के लिए तीन-फेजी-प्रेरण-मोटरें

—घूर्णी विद्युत मशीनों के यांत्रिक कंपन और शोर की अनुमत सीमाएं

—सूक्ष्म तरंग ओवन

पुनरीक्षित मानकों में से निम्नलिखित का विशेष रूप

से उल्लेख किया जा सकता है:

—पावर प्रणालियों के लिए शंट संधारित्र

—पावर प्रणाली की सुरक्षा के लिए विद्युत रिले

—खनिकों के टोप लैम्प सम्मुचय

—नैदानिक चिकित्सा-एक्स-रे उपस्करों के लिए कार्यकारिता और सुरक्षा चेतावनी प्रणालियों के लिए एक नई विषय समिति के गठन का प्रस्ताव किया जा रहा है जो संसूचन और मनुष्यों और संपति की सुरक्षा के लिए चेतावनी और मॉनीटर करने की प्रणाली तथा इन प्रणालियों में प्रयुक्त तत्वों के लिए मानक निर्धारित कर सके।

ऊर्जा के संरक्षण को बढ़ावा देने की दृष्टि से विभाग ने उपभोक्ताओं को, ऊर्जा दक्ष उपस्करों के चुनाव में सहायता पहुँचाने के लिए नामपट्टियों पर उपभुक्त ऊर्जा का अंकन करने जैसे अनुबंध शामिल करने तथा ऊर्जा दक्षता अपेक्षाओं में सुधार करने की दृष्टि से पावर उपयोग करने वाले उपस्करों के विषय से संबंधित मानकों की समीक्षा की।

समुद्री, भार वहन और पैकेजबन्दी

वर्ष के दौरान निर्धारित मानकों में से कुछ निम्नलिखित से संबंधित हैं:

—द्रव दूध के लिए पालीइथाइलीन की थैलियाँ

—सेवों की पैकजबन्दी के लिए नालीदार फाइबर बोर्ड के बक्से

—औद्योगिक ट्रैक्टरों के लिए परीक्षण की पद्धति

—विस्फोटकों की पैकेजों के लिए सामान्य अपेक्षाएँ

—समुद्री हवा भरने वाली जीवन-नौकाओं का परीक्षण और सामान्य अपेक्षाएँ

विभाग ने वस्त्रादि और वस्त्रादि उत्पादों की पैकेजबन्दी संबंधी मानक निर्धारित करने के लिए एक नई विषय समिति का गठन किया। नम्य पैकों की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए विभाग ने खाद्य तेलों,फलों के रसों, सुविधाजनक खाद्यों को निकट भविष्य में पैकजबन्द करने के लिए मानक निर्धारित करने की योजना बना रहा है।

यांत्रिक इंजीनियरी

वर्ष के दौरान निर्धारित नए मानकों में से निम्नलिखित का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है:

—नागरिक विमान के लिए हनीकोम्ब सैंडविच पैनल

—छोटी पेंच की चूड़ियाँ

—प्रकाशित उपकरणों के लिए जलवायु और टिकाऊपन संबंधी परीक्षण

—एक बिन्दु वाले कार्बाइड नोक औजार

—अन्तर्दाही इंजनों के लिए पिस्टन रिंग

—स्वचन वाहनों के लिए ब्रेक प्रणाली

—कठोर धातु बर्र

—एन सी मशीन औजारों के लिए औजार एडोप्टर्स

—खानों के लिए सुवाह्य उच्चालक

—प्रत्यागामी घनात्मक विस्थापन पम्पों के लिए तकनीकी पूर्ति शर्तें

पुनरीक्षित मानकों में से निम्नलिखित का विशेष उल्लेख किया जा सकता है:

—वाहकों की सुरक्षा के लिए रीति संहिता

—पट्टा वाहक

—बायोगैस संयंत्र

—वायवीय संघात रिंच

—बूडरफ चाबी और चाबी खाँचे

—सर्वेक्षण उपकरणों के लिए तिपाई

—गैस परीक्षण ज्वाला सुरक्षा लैंप

—रेडियल रोलिंग बेयरिंग

—डीजल वाहनों के लिए उत्सर्जन स्तर

खान उपस्कर से संबंधित मानकों को शीघ्रता से निर्धारित करने के लिए विभाग परिषद् ने दो नई विषय समितियाँ खान परिवहन, इडीसी 91 और खान-चेहरा-उपस्कर, इडीसी 92 गठित की है।

विभाग ने सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाली मदों जैसे चपटी प्लेट प्रकार के पानी गरमाने के संग्राहक और पानी गरमाने की सौर प्रणाली के लिए भारतीय मानक निर्धारित करने के लिए नये विषय मालूम किए हैं।

पेट्रोलियम, कोयला और सम्बद्ध उत्पाद

वर्ष के दौरान निम्न से संबंधित महत्वपूर्ण मानक निर्धारित किए गए:

—निघर्षण रोधी द्रवीय तेल

—खाद्य पदार्थों, औषधियों और पेय जल के साथ सुरक्षित उपयोग के लिए उथाइलीन/एक्रिलिक अम्ल (इएए) सह बहुलक

—खाद्य पदार्थों के संपर्क में आने वाले पदार्थों और प्लास्टिक की सामग्री के संघटकों के विशेष और/

प्रमाणन और गुणता आश्वासन



संस्था के प्रमाणन और गुणता आश्वासन के कार्य मुख्यालय और उसके क्षेत्रीय कार्यालय तथा शाखा कार्यालयों द्वारा किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त निरीक्षण कार्यालय भी भारतीय मानक संस्था प्रमाणन मुहर योजना की तत्संबंधी निरीक्षण आवश्यकताओं के लिए कार्य कर रहें हैं।

वर्ष के दौरान योजना के अन्तर्गत जारी किए नए लाइसेंसों की संख्या 1 370 है जो 339 उत्पादों के लिए है जिनमें से 37 उत्पाद पहली बार इस योजना में शामिल किए गए हैं। इनके साथ इस योजना के आरंभ से अब तक स्वीकृत किए गए लाइसेंसों की कुल संख्या पिछले साल के अन्त की 15 412 से बढ़कर 16 782 तक हो गई है। उन भारतीय मानकों की संख्या जिनके लिए उत्पादों को प्रमाणित किया गया है अब बढ़कर 1 244 हो गई है। इनमें से लगभग 253 मानक ऐसे हैं जो आम उपभोक्ता के विशेष हितों की मदों से संबंधित है। इसके अतिरिक्त वनस्पति की पैकजबन्दी के लिए आधान और दूध उत्पादों (दूध पाउडर और संघनित दूध) ऐसे मद हैं जो वर्ष के दौरान अनिवार्य प्रमाणन के अन्तर्गत लाये गये हैं ताकि आम उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा के लिए इन उत्पादों की उचित गुणता सुनिश्चित की जा सके। अब तक प्रमाणन में शामिल की गई उपभोक्ता के लिए कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएं निम्नलिखित हैं:

—वनस्पति

—बिस्कुट

—दूध पाउडर और संघनित दूध

—इन्सटेंट कॉफी

—सीमेंट

—स्कूटर और मोटर साइकिल चालकों के लिए हैलमेट

—एल पी जी सिलिंडर और एल पी जी स्टोव

—प्रेशर कुकर

—डिब्बी बन्द निरापद दियासलाइयाँ

—विद्युत उपकरण और तार स्थापन सहायकांग

—छत के और मेज पर रखे जाने वाले पंखे

—जी एल एस लैम्प और प्रतिदीप्त ट्यूबें

—फ्लैश लाइट और ट्रांजिस्टरों के लिए बैटरियां

—सूती बनियानें

संस्था ने विशिष्ट क्षेत्र के उत्पादों के लाइसेंसधारियों से प्रमाणन योजना को लागू करने में आने वाली संचालन संबंधी और तकनीकी कठिनाइयों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए समीक्षा बैठकें आयोजित कीं। लाइसेंसधारियों से प्राप्त हुई इस जानकारी के आंकड़ों का मानकों और प्रमाणन कार्यविधियों में सुधार लाने के लिए उपयोग किया गया।

योजना की प्रगति

गतावधि/रद्द और लागू लाइसेंस – वर्ष के दौरान 540 लाइसेंस गतावधि अथवा रद्द हो गये। गतावधि अथवा रद्द होने के कारण, लाइसेंस का असंतोषजनक रूप से संचालन, लाइसेंसधारी की फैक्टरी का बन्द हो जाना और लाइसेंस के अन्तर्गत उत्पाद का निर्माण जारी रखने में लाइसेंसधारी की अरुचि, आदि थे।

31 मार्च 1987 को कुल लागू लाइसेंसों की संख्या पिछले साल 8 520 के मुकाबले 9 350 हो गई। इनमें से 678 लाइसेंसों के लिए नवीकरण आस्थगित कर दिया गया ताकि लाइसेंसधारी सुधार संबंधी उपयुक्त कार्रवाई कर सकें। इस प्रकार 31 मार्च 1987 को वास्तव में लागू लाइसेंसों की कुल संख्या

8 672 थी। इन लाइसेंसों का उद्योगवार और क्षेत्रवार विभाजन क्रमशः सारण 2 और 3 में दिया गया है।

प्रमाणन राजस्व – प्रमाणन राजस्व 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 794.1 लाख तक पहुंच गया; वार्षिक प्रमाणित वस्तुओं के मूल्य का अनुमान लगभग 5 30 000 लाख रुपये है।

सारणी 2 प्रमाणन मुहर लाइसेंसों का उद्योगवार वितरण
(31 मार्च 1987 को)

क्रम सं.	उद्योग	लागू लाइसेंसों की संख्या
1.	कृषि एवं खाद्य उत्पाद	
	क) कीटनाशी	1 081
	ख) कृषि और खाद्य से संबंधित अन्य वस्तुएं	636
2.	रसायन	679
3.	सिविल इंजीनियरी	
	क) प्लाइवुड पैनल, बत्ती और धातु फिटिंगें	225
	ख) अन्य सिविल इंजीनियरी की वस्तुएं	1 519
4.	उपयोक्ता उत्पाद और चिकित्सा उपकरण	379
5.	विद्युत तकनीकी सहित इलेक्ट्रॉनिकी और दूरसंचार (जिसमें केबल, चालक ज्वालारोधी विद्युत उपस्कर विद्युत मोटरें आदि शामिल हैं)	1 506
6.	समुद्री, भारवहन और पैकेजबंद (डिब्बे, पैकेजबंदी सामग्री, आदि)	532
7.	यांत्रिक इंजीनियरी	
	क) एम.पी.जी. सिलिंडर	95
	ख) डीजल इंजन	150
	ग) अन्य यांत्रिक इंजीनियरी की वस्तुएं	541
8.	पेट्रोलियम, कोयला और सम्बद्ध उत्पाद	390
9.	संरचना और धातु	
	क) इस्पात	706
	ख) संरचना और धातुओं से संबंधित अन्य वस्तुएं	363
10.	वस्त्रादि और सम्बद्ध उत्पाद	
	क) जूट	352
	ख) अन्य वस्त्रादि मदें (वस्त्रादि मशीनादि सहित)	196
	योग	9 350

सारणी 3 प्रमाणन मुहर लाइसेंसों की क्षेत्रवार वितरण
(31 मार्च 1987 को)

क्रम सं.	क्षेत्र	शाखा कार्यालय (सम्मिलित क्षेत्र)	लागू लाइसेंसों की संख्या (आस्थगित लाइसेंसों सहित)
1.	पूर्वी	क) कलकत्ता	1 490
		ख) पटना	304
		ग) भुवनेश्वर	113
2.	दक्षिणी	क) मद्रास	942
		ख) बंगलौर	377
		ग) हैदराबाद	418
		घ) त्रिवेन्द्रम	177
3.	पश्चिमी	क) बम्बई	1 337
		ख) अहमदाबाद	714
4.	उत्तरी	क) दिल्ली	1 400
		ख) भोपाल	430
		ग) चंडीगढ़	844
		घ) जयपुर	375
		ड) कानपुर	429
	योग		9 350

लागू लाइसेंस का पर्यवेक्षण–समीक्षा-अवधि के दौरान लाइसेंसों की स्वीकृति, पर्यवेक्षण, प्रचालन आदि के लिए किए गए निरीक्षणों की संख्या सारणी 4 में दी गई है।

भा मा संस्था प्रमाणन मुहर योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नए उत्पाद–समीक्षा अवधि के दौरान 37 नई वस्तुओं को भा मा संस्था प्रमाणन मुहर योजना के अन्तर्गत लाया गया। इनमें निम्नलिखित शामिल है:

—चुम्बकीय स्याही में लिखे अक्षर पहचान चैकों के मुद्रण के लिए कागज़
—खनिकों के लिए रबड़ के टखनों तक के निरापद बूट
—धुलाई के लिए साबुन जैली
—ग्लेज की गयी अग्निसह मिट्टी से बने शौचादि के साधन
—शीघ्र पानी गर्म करने वाले विद्युत हीटर
—गोबर गैस चूल्हे
—वनस्पति के लिए ब्लो संचकित एचडीपीइ धारक
—खाद्य तेल और वनस्पति की पैकिंग के लिए नम्य पैक
—टरबाइन स्नेहन तेल
—साइकिल हब सहायकांग
—सिक्कों (टकसाल) की पैकिंग के लिए डी डब्ल्यू तिरपाल जूट के बोरे
—जालीदार सूती कमीज वस्त्र

सारणी 4 1 अप्रैल 1986 से 31 मार्च 1987 के दौरान किये गये निरीक्षण

क्रम सं.	क्षेत्र	शाखा	आरंभिक निरीक्षण	सावधिक निरीक्षण	अन्य निरीक्षण
1.	पूर्वी	क) कलकत्ता	379	4 097	1 565
		ख) भुवनेश्वर	17	184	23
		ग) पटना	59	800	217
2.	दक्षिणी	क) मद्रास	155	3 166	—
		ख) बंगलौर	76	688	234
		ग) हैदराबाद	87	1 096	214
		घ) त्रिवेन्द्रम	25	332	155
3.	पश्चिमी	क) बम्बई	367	3 833	554
		ख) अहमदाबाद	160	1 626	575
4.	उत्तरी	क) दिल्ली	491	3 988	1 473
		ख) भोपाल	77	705	262
		ग) चंडीगढ़	220	1 380	1 344
		घ) जयपुर	52	1 073	527
		ङ) कानपुर	88	1 077	304
		योग	2 253	24 045	7 447

प्रयोगशालाएं



संस्था की एक प्रयोगशाला मुख्यालय में (केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद), चार क्षेत्रीय कार्यालयों (बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और एसएएस नगर) में तथा एक प्रयोगशाला पटना कार्यालय शाखा में है। तनसुकिया (ऊपरी असम) में प्राप्य परीक्षण सुविधाओं को संस्था की गुवाहाटी शाखा में स्थान्तरित कर दिया गया है, और उसे संरचना इस्पात जैसे अन्य उत्पादों के परीक्षण के लिए बड़ा बनाया गया है। अन्य शाखा प्रयोगशाला का भवन बंगलौर में बन कर तैयार हो गया है और 1987-88 के दौरान कर्नाटक सरकार की सहायता से खरीदे जाने वाले परीक्षण उपस्करों का विवरण तैयार कर लिया गया है।

क्षेत्रीय और शाखा प्रयोगशालाओं ने प्रमाणन मुहर योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के नमूनों के परीक्षण के लिए अपनी क्षमता में पर्याप्त वृद्धि की और दूसरी ओर केन्द्रीय प्रयोगशाला ने मानक निर्धारण: चयनित उत्पादों का गुणता मूल्यांकन, विकासात्मक परीक्षण, परीक्षण प्रयोगशालाओं की मान्यता के लिए योजना का प्रचालन, परीक्षण करने वालों का प्रशिक्षण, अंशांकन सेवाओं की स्थापना, और योजना एवं विकास के शोध और विकास कार्यों में अपना ध्यान केन्द्रित किया।

नमूनों का परीक्षण

भा मा संस्था के सभी प्रयोगशालाओं में, रासायनिक, यांत्रिक वैद्युत और वस्त्रादि से सम्बन्धित विभिन्न क्षेत्रों के कुल 29 987 नमूनों का परीक्षण किया गया जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भा मा संस्था प्रयोगशालाओं में किए गए कुल परीक्षण कार्य के मूल्य में गत वर्ष की तुलना में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसका चालू वर्ष में अनुमानित मूल्य 9 करोड़ 60 लाख रुपये रहा। पहले की तरह भा मा संस्था प्रमाणन योजना के अन्तर्गत नमूनों के परीक्षण के लिए बाहर की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सेवाओं के उपयोग की आवश्यकता है। विगत पाँच वर्षों में भा मा संस्था और बाहर की प्रयोगशालाओं में परीक्षण किए गए नमूनों की संख्या सारणी 5 में दी गई है।

अनुसंधान एवं विकास कार्य (आर एंड डी)

संस्था की केन्द्रीय प्रयोगशाला द्वारा, भारतीय मानकों की अपेक्षाओं को विकसित करने के उद्देश्य से आंकड़े एकत्र करना, अधिक परिशुद्धता वाली सुधरी हुई परीक्षण पद्धतियों को विकसित करने वर्तमान परीक्षण पद्धतियों को परिशुद्धता सीमा पर पहुंचाने के लिए अन्त: प्रयोगशाला परीक्षण और शिकायतों के मामले में गुणता मूल्यांकन जैसे कुछ उद्देश्यों को लेकर अनुसंधान एवं विकास कार्य किया गया। इनमें से अधिकांश समस्याएं भा मा संस्था की सम्बद्ध तकनीकी समिति द्वारा या सरकारी विभागों के अनुरोध पर, प्रयोगशाला के पास भेजी गई।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित कुछ और महत्वपूर्ण परियोजनाएं आरंभ की गई:

—साधारण खाद्य नमक (IS : 253) के संदर्भ में, आयोडीन युक्त नमक (IS : 7224) में आयोडीन की सीमा निर्धारित करने के लिए चट्टानी नमक में प्राकृतिक रूप से पायी जाने वाली आयोडीन ज्ञात करना।

—सामान्य कार्यों के लिए पोलीइथाइलीन बोरियों के विशिष्टि (IS : 9738-1981) में वर्णित एचडीपीई बोरियों की सीमाएं जांच करने के लिए गुणता का मूल्यांकन

जीएलएस और प्रतिदीप्त ट्यूब लैम्पों की वास्तविक ऊर्जा खपत का मूल्यांकन करने के लिए उनका सर्वेक्षण

—स्टेनलेस स्टील रेजर ब्लेडों की विशिष्टि (IS : 7371-1962) में वर्णित अपेक्षाओं का पुनरीक्षण करने के लिए स्टेनलेस स्टील की सेफ्टी रेज़र के ब्लेडों के दोषयुक्त आयामों और छूटों का मूल्यांकन

प्रयोगशालाओं की वृद्धि





सारणी 5 भा. मा. संस्था और बाहर की प्रयोगशालाओं में परीक्षण किए गए नमूने

वर्ष	नमूनों की कुल संख्या	भा. मा. संस्था प्रयोगशाला में		बाहर की प्रयोगशालाओं में		बाहर परीक्षण किए गए नमूनों की कुल संख्या का प्रतिशत
		परीक्षण किए गए नमूने	परीक्षण मूल्य (रुपये)	परीक्षण किए गए नमने	परीक्षण मूल्य (रुपये)	
1982-83	26 580	20 758	4 558 027	5 822	1 761 689	28.0
1983-84	28 049	22 265	5 740 072	5 784	1 905 776	20.6
1984-85	33 588	25 379	6 888 421	8 009	2 126 000	23.8
1985-86	38 728	27 517	8 170 000	11 211	4 009 000	20.9
1986-87	43 085	29 987	9 064 000	13 098	5 174 000	30.4

—आयातित पामोलीन और रेपसीड तेल में खट्टी गन्ध उत्पन्न होने के संदर्भ में भंडारण सम्बन्धी विशेषताएं
—ऊर्जा संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए IS : 4246 की सीमाओं में पुनरीक्षण पर विचार हेतु एलपीजी द्रवित पेट्रोलियम गैस चूल्हों की सुधरी हुई डिजाइनों की तापन दक्षता का अध्ययन

बाहरी प्रयोगशालाओं का पंजीकरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्था द्वारा 8 और प्रयोगशालाओं का पंजीयन करके प्रयोगशालाओं की कुल संख्या 240 की गई।

नए उपकरणों की संस्थापना

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान योजना के अनुसार वर्तमान परीक्षण उपस्कर के प्रौद्योगिकीय उन्नयन के लिए और परीक्षण में तेजी व परिशुद्धता लाने के लिए अधिक जटिल परीक्षण पद्धतियों को शामिल करने के लिए भा मा संस्था की केन्द्रीय और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में 63 लाख मूल्य के उपकरण और लगाये गये। जुटाई गई कुछ महत्वपूर्ण सुविधाएं निम्नलिखित हैं:

—अपकेन्द्री पम्पों का परीक्षण (बंबई में)
—संघात परीक्षण मशीन (मोहाली के लिए)
—मानक परीक्षण अहाते के लिए 6 चैनलबाल डिजिटल थर्मोकपल
—नम ऊष्मा चक्रीय परीक्षण के लिए आर्द्रता कक्ष (सीएल के लिए)
—अंशांकन के लिए बोडायनमोमीटर
—जीएलएस लैम्पों के लिए फोटोमीट्रिक इंटीग्रेटर (सीएल के लिए)
—प्रतिदीप्त लैम्पों के लिए फोटोमीट्रिक इंडीग्रेटर (मद्रास के लिए)
—रबड़ रोधित केबलों के परीक्षण के लिए ऑक्सीजन/वायु बंब (सीएल के लिए)
—आंशिक विसर्जन प्रणाली—डिटेक्टर, परीक्षण स्रोत और कवचित अनुलग्नक (इनक्लोजर) (सीएल के लिए)
—पी वी सी पाइपों के लिए डीप फ्रीज़र (बम्बई के लिए)
—घरेलू उपकरणों के परीक्षण के लिए स्प्रिंग संघात परीक्षण हथौड़ा (मोहाली के लिए)
—एलपीजी दहन उपकरणों के लिए (सीएल के लिए)
—परिशुद्धता केल्विन ब्रिज (ब्रिज) (सीएल के लिए)
—छत के पंखों के लिए हवा फैंकने की परीक्षण प्रणाली (सीएल के लिए)
—जल योजन का ऊष्मा परीक्षण का उपकरण (सीएल के लिए)
—स्लाइड फास्टनर्स सहन परीक्षण मशीन (सीएल के लिए)

मानक परिवर्धन गतिविधियां



संस्था की प्रोत्साहन गतिविधियां इसके मुख्यालय और क्षेत्र/शाखा कार्यालयों के द्वारा देखी जाती हैं। वर्ष के दौरान मानकों के प्रति चेतना उत्पन्न करने के लिए मानकीकरण की भूमिका के बारे में और अधिक जागरूकता लाने और समय-समय पर संस्था की गतिविधियों की सूचना को प्रचारित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रयासों के फलस्वरूप भा मा का बेहतर कार्यान्वयन हुआ और सभी रुचि रखने वालों ने भारतीय मानक संस्था की गतिविधियों में अधिकाधिक भाग लिया।

विश्व मानक दिवस

14 अक्तूबर 1986 को विश्व मानक दिवस विचार गोष्ठी, व्याख्यान और प्रदर्शनियां आयोजित करके तथा मानकीकरण के लाभों का प्रचार करने के लिए संस्था के मुख्यालय और विभिन्न क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में "खुला दिवस" रखकर, मनाया गया। इस प्रकार के आयोजनों का सार संक्षेप निम्नलिखित है:

क) मानकीकरण की राष्ट्रीय प्रणाली पर विचारगोष्ठी, नई दिल्ली;
ख) "भा मा संस्था प्रमाणन द्वारा गुणता का आश्वासन" बम्बई पर खुली परिचर्चा, बम्बई;
ग) मानकीकरण द्वारा "औद्योगिक सुरक्षा" पर पैनल परिचर्चा, कलकत्ता;
घ) मानकीकरण गुणता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा पर विचारगोष्ठी, मद्रास;
ड) मानकों और उपभोक्ता संरक्षण पर कार्यशाला, अहमदाबाद;
च) "नागरिक और मानक" विषय पर परिचर्चा, बंगलौर
छ) मानकीकरण, गुणता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा पर विचारगोष्ठी, हैदराबाद; और
ज) उपभोक्ता संरक्षण में मानकीकरण की भूमिका, पर विचारगोष्ठी, जयपुर।

गुणता, रखरखाव और सुधार माह

नवम्बर 1986 को गुणता रखरखाव और सुधार माह के रूप में मनाया गया।

इस माह के दौरान, गुणता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय, राज्य और जिला उद्योग स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह संस्था 200 से भी अधिक उन कार्यक्रमों से सम्बद्ध रही जो उद्योगों से सम्बन्धित सरकारी विभागों और उनसे जुड़ी संस्थाओं के साथ आयोजित किए गए। संगठनात्मक स्वरूप के अलावा, भारतीय मानक संस्था सक्रिय रूप से तकनीकी निवेश और सुविधाएं उपलब्ध कराने के कार्यक्रमों से संबंधित रही। यह अनुमान है कि विभिन्न स्तरों पर लगभग 2 500 व्यक्तियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया। इसमें से कुछ कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:—

— गुणता पर राष्ट्रीय सम्मेलन, नई दिल्ली
— "सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण 'एसक्यूसी' पर मानकों" पर कार्यशाला, नई दिल्ली
— "गुणता—उत्पादकता का खुला रास्ता", नई दिल्ली
— "गुणता और उपभोक्ता" पर राष्ट्रीय विचार गोष्ठी, नई दिल्ली
— गुणता प्रगति और गुणता समस्याओं पर विचार गोष्ठी
— "रंगरोगनों द्वारा उपभोक्ता हितों की रक्षा संरक्षण" पर विचारगोष्ठी, कलकत्ता
— "गुणता निगरानी में इंस्ट्रूमेन्टेशन की भूमिका" पर कार्यक्रम, चंडीगढ़
— उच्च उत्पादकता के लिए गुणता प्रबंध पर विचारगोष्ठी, मद्रास
— "बेहतर विपणन के लिए गुणता नियंत्रण" पर कार्यशाला, अहमदाबाद
— "लघु उद्योग में गुणता रखरखाव और सुधार" पर विचारगोष्ठी भुवनेश्वर
— "थोक क्रेता—मानकीकरण और प्रमाणन" पर विचार-गोष्ठी, गुवाहाटी

— "भा मा संस्था द्वारा प्रमाणित गुणता की माँग" पर सम्मेलन, जयपुर
— "मानकीकरण-गुणता नियंत्रण और उपभोक्ता संरक्षण का साधन" पर विचारगोष्ठी, कानपुर
— "गुणता के सुधार में क्रेता की भूमिका" पर विचार गोष्ठी, पटना
— "बेहतर विपणन हेतु लघु उद्योग के बढ़िया गुणता वाले उत्पादों की कार्यनीति" पर कार्यशाला, त्रिवेन्द्रम
— "गुणता-प्रबंध और सुधार" पर विचारगोष्ठी पूणे

संस्था ने गुणता माह के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन निकाले:

1) सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण पर हैन्डबुक
2) नागरिक पूर्ति विभाग के सहयोग से बायर्स् गाइड फॉर कन्ज्यूमर 1986 प्रकाशित की गई
3) नागरिक पूर्ति विभाग के सहयोग से हिन्दी और अंग्रेजी में "आई एस आई मुहर" शीर्षक का एक पैम्फलेट प्रकाशित किया
4) भारतीय मानक ब्यूरो परिचय (गुजराती में)

इसके अतिरिक्त "आईएसआई बुलेटिन" के अक्तूबर व नवम्बर 1986 अंक प्रधानतः गुणता के प्रति समर्पित थे। संस्था ने कन्ज़्यूमर फोरम और नागरिक आपूर्ति विभाग के साथ संयुक्त रूप से 15 से 29 नवम्बर तक नई दिल्ली में "उपभोक्ता और गुणता" पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर 17 अन्य प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, जिनमें "आईएसआई" मुहरांकित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

तकनीकी सम्मेलन और विचारगोष्ठियां

विश्व मानक दिवस और गुणता माह के अन्तर्गत उल्लिखित गतिविधियों के अतिरिक्त विशिष्ट मानकों/हैन्डबुकों या किसी अतिरिक्त विशिष्ट क्षेत्र से संबंधित मानक बनाने को बढ़ावा देने के लिए भा मा संस्था ने स्वयं भी तथा अन्य संगठनों के साथ मिलकर कुछ तकनीकी सम्मेलनों तथा विचारगोष्ठियों का आयोजन किया। वर्ष के दौरान आयोजित कुछ कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:

क) केरल, महाराष्ट्र और कर्नाटक में कार्यरत व्यावसायिकों हेतु राष्ट्रीय वैद्युत संहिता (रावैसं) परिचयीकरण कार्यक्रम;
ख) लघु औजारों पर भारतीय मानकों का प्रभाव बढ़ाना, बम्बई;
ग) बेलगांव में मानकीकरण और भा मा संस्था प्रमाणन मुहर योजना की महत्ता पर खुली परिचर्चा;
घ) भवन निर्माण सामग्री के मानकीकरण और प्रमाणन पर विचारगोष्ठी, बम्बई;
ङ) उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिकी और मानकीकरण पर उद्योगानुसार सम्मेलन, नई दिल्ली;
च) "इंजीनियरी और औद्योगिक मशीनरी क्षेत्रों में मानकीकरण" पर विचारगोष्ठी, बम्बई;
छ) "हथ-औजार उद्योग में गुणता नियंत्रण की आवश्यकता" पर विचारगोष्ठी;
ज) घरेलू विद्युत उपकरणों में गुणता सुधार और आधुनिकीकरण पर विचारगोष्ठी, कोयम्बटूर;
झ) "अग्नि शामक उपस्कर" पर उद्योगानुसार सम्मेलन, बम्बई; और
ञ) "औद्योगिक वस्त्रादि (बुने और बिना बुने) पर मानकीकरण का प्रभाव" पर उद्योगानुसार सम्मेलन, कोयम्बटूर।

भारतीय मानकों के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यकारी निर्देश

वर्ष के दौरान भा मा सं के क्रियाक्लापों में कुछ सरकारी विभागों ने अपना समर्थन दिया और मानकों को अपने तत्संबंधी प्रचालनों में अपनाया। इसके अलावा बहुत से संगठनों/प्राधिकरणों ने भारतीय मानकों के कार्यान्वयन करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये:

केन्द्रीय सरकार के विभाग

— आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय ने भा मा सं प्रमाणन मुहर लगी 25 मदों को चुना है जिन्हें वे बिना प्रेषण पूर्व-निरीक्षण के खरीदेंगे। इन मदों में, अन्यों के साथ, हवा बाहर फैंकने वाले पंखे, डीएलएस एवं प्रदीप्त लैम्प, रेफ्रिजरेटर, पीवीसी केबलें, पीवीसी पाइप, स्लुस वाल्व, रोगाणुनाशक तरल, विद्युत मीटर, विद्युत मोटरें, सीमेंट इत्यादि शामिल हैं।

— वाणिज्य मंत्रालय में एक आदेश जारी किया है कि आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय द्वारा विभिन्न सामान खरीदने की संविदा करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि, भविष्य में यदि उपलब्ध हो तो केवल आईएसआई मुहर लगे सामानों की संविदा स्वीकार की जायेगी। और यदि आईएसआई मुहर लगा सामान उपलब्ध न हो तो भा मा सं विशिष्टि का कड़ाई से पालन किया जाये।

— नौ सेना भंडारागार, कोचीन ने पुष्टि की है कि आपातकालीन जरूरतों से निपटने के लिए आईएसआई मुहरांकित सामानों को स्थानीय खरीद द्वारा क्रय किया जा रहा है।

— महाडाकपाल, केरल मंडल, त्रिवेन्द्रम ने अपनी खरीदों के लिए, आईएसआई मुहरांकित उत्पादों पर जोर देने का निर्णय किया।

राज्य सरकार/केन्द्र शासित प्रदेश

— **केरल**—कृषि निदेशालय, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय,

चिकित्सा शिक्षा निदेशालय और भंडार खरीद विभाग ने भारतीय मानकों के अनुसार खरीद करने और आईएसआई मुहरांकन उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

— **पंजाब**–उद्योग निदेशालय ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिया है कि, प्रस्तावों पर विचार करते समय, आईएसआई मुहरांकित उत्पादों को प्रथम वरीयता देनी चाहिए और इसकी अनुपस्थिति में, भा मा सं विशिष्टि या पंजाब गुणता मुहरांकन के(भा मा सं विशिष्टि के आधार पर) के अनुरूप उत्पादों पर विचार किया जाये।

— **मद्रास**–मुख्य अभियंता, मद्रास निगम ने, निगम में खरीद विभागों को निर्देश दिए हैं कि जहां उपलब्ध हो, आईएसआई मुहरांकित उत्पादों को खरीदा जाए यदि मुहरांकित उत्पाद उपलब्ध न हों तो भारतीय मानकों से उनकी अनुरूपता के सम्बन्ध में बल दिया जाए।

— **दिल्ली**–प्रधान अभियंता, दिल्ली नगर निगम ने एक आदेश जारी किया है कि सभी खरीदें/सौदे जहां भी उपलब्ध हों भा मा सं प्रमाणित उत्पादों के आधार पर किये जाने चाहिएं, यदि प्रमाणित उत्पाद उपलब्ध न हों तो भारतीय मानकों से उनकी अनुरूपता पर बल दिया जाए।

सरकारी उपक्रम

— हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने यह सूचित किया है कि उसके द्वारा की गई सामग्रियों की खरीद अधिकांशत: या तो जहां भी उपलब्ध है, आईएसआई मुहरांकित होती है या भारतीय मानकों के अनुरूप होती है।

— बोकारो इस्पात संयंत्र (भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि.) ने एक आदेश जारी किया है कि जहां उपलब्ध हो वहां सभी खरीदें आईपीएसएस या भा मा सं मानकों के अनुरूप हों।

— एयर इंडिया, बम्बई ने सूचित किया हे कि, जहां भी संभव होगा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि खरीद भा मा सं मुहर लगे उत्पादों की हो।

— तदानुसार जहां भी लागू हो, निविदा प्रलेख में एक उपयुक्त अनुच्छेद दिया जायेगा जिसमें, आईएसआई मुहरांकित उत्पादों या आईएसआई विशिष्टियों के अनुसार निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने का स्पष्ट उल्लेख हो।

उद्योग

— लार्सन एंड ट्यूब्रो लिमिटेड ने सूचित किया है कि जहां उपलब्ध होंगे, वे केवल भा मा सं मुहरांकित सामग्रियों और संघटक खरीदेंगे। जब भा मा सं प्रमाणित उत्पाद उपलब्ध नहीं होंगे तो खरीद के लिए विशिष्टि बनाते समय भारतीय मानकों का उपयोग किया जाएगा।

— दि टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड ने जानकारी दी है कि, जहां तक संभव होता है वे सदैव जहां उपलब्ध हो आईपीएसएस या भारतीय मानक विशिष्टि के अनुसार सामग्रियां खरीदने का प्रयत्न करते हैं।

भारतीय मानकों के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने की विशेष सूची

भारतीय मानकों के कार्यान्वयन को निर्माताओं, लघु उद्योग इकाइयों और सेवा तथा नियमन निकायों में बढ़ाने के लिए विषयों का पता लगाया और वर्गीकृत किया गया। रुचि रखने वाले संगठनों को अपने से सम्बद्ध मानकों का सरलता एवं शीघ्रता से पता लगाने में सहायता करने के लिए भारतीय मानकों की विशेष सूचियां नियमित रूप से तैयार की जा रही हैं। वर्ष के दौरान होटल उद्योग, ढ़लाई उद्योग तथा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष सूचियां निकाली गईं।

भारतीय मानक और तकनीकी शिक्षा

तकनीकी संस्थाओं के संकाय सदस्यों को मानकीकरण के लाभों और क्षेत्र के वर्तमान मानकों से अवगत कराने के उद्देश्यों से जोबनेर(जयपुर के पास) नई दिल्ली, हैदराबाद, त्रिचूर और सूरथकल में पांच शैक्षिक उपयोग कार्यक्रम आयोजित किये गये।

तकनीकी शिक्षा में भारतीय मानकों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली में विज्ञान एवं तकनीकी विभाग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के साथ एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मानक चेतना का सृजन

निर्माताओं और उपभोक्ताओं में भारतीय मानकों और भा मा सं प्रमाणन मुहर योजना की उपयोगिता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए संस्था विभिन्न जन संचार माध्यमों का सतत उपयोग करती रही है। इनमें अन्यों के साथ, प्रेसविज्ञप्तियां, लेख, अग्रलेख, प्रेस साक्षात्कार, टीवी और रेडियो शामिल हैं। राष्ट्रीय प्रेस के अलावा आकाशवाणी और दूरदर्शन ने विभिन्न स्टेशनों से अपने समाचार बुलेटिनों, फीचरों, वार्ताओं और साक्षात्कारों में भा मा सं क्रियाकलापों से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं को सतत रूप से सम्मिलित किया। राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, विशेष अनुपूरकों एवं स्मारिकाओं के लिए भा मा सं विज्ञापन

अभियान के एक भाग के रूप में, महत्वपूर्ण अवसरों पर भारतीय मानकों एवं भा मा सं प्रमाणन मुहर योजना के महत्व को दर्शाने वाले विज्ञापन जारी किये गये। उपभोक्ता के लिए आईएसआई मुहर का महत्व बताने वाला एक कार्यक्रम आकाशवाणी के प्राथमिक चैनल पर प्रसारित किया गया "आपके लिए गुणता का आश्वासन" नामक एक विज्ञापन फिल्म दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास के चुने हुए सिनेमाघरों में हिन्दी और अंग्रेजी में दिखाई गयी। संस्था ने देश के 8 विभिन्न भागों में आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लिया।

मानकीकरण का एसोसियेशन अंतर संयंत्र लेबल

आईपीएसएस भारत में उद्योग स्तर पर मानकीकरण गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जिसे लगभग एक दशक पहले भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि.(सेल) और भारतीय मानक संस्था(भामासं) द्वारा संयुक्त रूप से प्रारम्भ किया गया। सेल की वित्तीय सहायता से इस गतिविधि का सचिवालय भा मा सं में है। इस गतिविधि के उद्देश्यों में माल सूची और विदेशी मुद्रा से प्राप्त संघटकों में कमी, उपस्करों के चयन में और आपातकाल में इस्पात संयंत्रों में महत्वपूर्ण और स्पेअर पुर्जे के विनिमय की अनुमति देना भी सम्मिलित है।

वर्ष 1986-87 के दौरान डिज़ाइन पेरामीटरों उपभाग भंडारों तथा सामान्य उपस्कर के क्षेत्रों में 46 अंतर संयंत्र मानक तैयार किये गये जिससे उपलब्ध अंतर संयत्र मानकों की कुल संख्या 257 हो गई है। यह कार्य तकनीकी समितियों के नेटवर्क द्वारा किया जा रहा है जिसमें इस्पात संयंत्रों और भारी इंजीनियरी संगठनों के लगभग 250 विशेषज्ञों ने प्रतिनिधित्व किया है।

पूणे और बम्बई में कंपनी मानकीकरण प्रशिक्षण की दो विचारगोष्ठियों का आयोजन किया गया। उद्योग को विशेष कार्यक्रमों और सलाहकार सेवा उपलब्ध कराने के फलस्वरूप, देश में विभिन्न संगठनों के 732 इंजीनियरों को कम्पनी मानकीकरण के सिद्धांतों, क्षेत्र तकनीकों एवं संगठनात्मक पक्ष में प्रशिक्षित किया गया।

तकनीकी सूचना सेवाएं

पुनरीक्षण किये जा रहे काल के अन्तर्गत मुख्यालय में सूचना सेवा विभाग(सूसेवि) ने समुद्र पारीय मानक निकायों प्रकाशनों और विभिन्न विद्युत सोसाइटियों और विदेशी एसोसियेशनें, जो मानकीकरण में कार्यरत हैं, के द्वारा ज़ारी किये गये 24 687 मानकों और मानक किस्म के प्रकाशनों को अपने संग्रह में सम्मिलित किया है। सू. से. विभाग एक मशीनीकृत आंकड़ा बैंक की देखभाल करता है जिसमें पुस्तकालय में प्राप्त लगभग सभी मानकों से सम्बद्ध सूचनाएं यूडीसी के आधार पर 847 विषय समूहों में प्रविष्ट की जाती हैं।

पुस्तकालय में प्राप्त प्रकाशनों, जिनकी संख्या लगभग 144000 रिकार्ड है, को डेटा बेस में सम्मिलित करने के लिए संहिताकृत किया गया। मानक बनाने वाले विभागों और उद्योगों के अनुरोध पर सू.से. विभाग ने डेटा बेस से 9 ग्रंथसूचियां बनाने के अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर वृहत ग्रंथ-सूचियों का संकलन किया। लगभग 80000 प्रकाशनों/मानकों से या तो सलाह ली गई या व्यापार और उद्योग के प्रतिनिधियों को जारी किये गये। उपभोक्ताओं को अपने क्षेत्र में सुविज्ञ रखने के लिए स्टैन्डर्ड्स वर्ल्ड ओवर से सम्बद्ध प्रलेखन बुलेटिन, मानकों पर अद्यतन प्रकाशित सूचना और पुस्तकालय में प्राप्त नई सामग्री के सम्बन्ध में सूचनाएं मासिक आधार पर जारी की गई।

संस्था के क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों के पुस्तकालयों में इन क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं की सूचना आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तकनीकी प्रकाशनों और मानकों की संख्या में भी वृद्धि की गई।

कम्प्यूटर केन्द्र

दैनिक कार्यकलापों को सुविधाजनक बनाने के लिए और संस्था का नियंत्रण करने एवं प्रगति को मोनीटर करने के लिए तत्संबंधी मानक प्रबन्ध सूचना उपलब्ध कराने के लिए संस्था की बहुत सी गतिविधियों को कम्प्यूटरीकरण के लिए चुना गया। कम्प्यूटरीकरण के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों का ब्यौरा और उनकी प्रगति निम्नलिखित है:

क) वर्ष के दौरान चुनी गई नई गतिविधियां

1) कम्प्यूटर तंत्र को, विभिन्न गतिविधियों जैसे मानक निर्धारण प्रमाणन मुहर लाइसेंसों की स्वीकृति, नमूनों के आवागमन भा मा सं की प्रयोगशालाओं में परीक्षण और मानकों के प्रकाशन को मोनीटर करने के लिए, विकसित किया गया।
2) सरकार से पूंजी अनुदान के अन्तर्गत, 1961 से खरीदे गये उपस्करों को वर्ष के दौरान कम्प्यूटर फाइलों में समाविष्ट किया गया।
3) **उपभोक्ताओं के लिए मैनुअल तैयार करना**– उपभोक्ता विभागों और संचालन कर्मचारी की सहायिता करने के लिए निम्नलिखित गतिविधियों पर उपभोक्ताओं के मैनुअल को तैयार किया गया:

—भा मा सं. प्रमाणन मुहर वित्तीय संचालन
—भारतीय मानकों का निर्धारण
—ग्रंथ सूची डेटा बेस
—पूंजी उपस्कर पर प्रयोगशाला के स्टाक रजिस्टर
—प्रयोगशाला की गतिविधियों के प्रबंध नियंत्रण पर रिपोर्ट

ख) चालू गतिविधियां

1) डेटा बेस फाइलें बनाकर प्रमाणन मुहर सम्बन्धी गतिविधि का नियमित रूप से अद्यतन किया गया।

2) मानकों की ग्रंथसूची पर डेटा बेस को कम्प्यूटर में रखा गया और उसका नियमित रूप से अद्यतन किया गया

कम्प्यूटर के ये उपयोग न केवल संस्था की अंतः सन्धित गतिविधियों को ही सुचारू बनाते हैं अपितु प्रबंध के लिए तैयार आंकड़े उपलब्ध कराने की सुविधा भी प्रदान करते हैं अब कुछ श्रेणियों के उपभोक्ताओं को संस्था द्वारा मानकीकरण से संबंधित सूचना शीघ्रता और अधिक दक्षता से प्रदान की जा सकती है।

विस्तार और परामर्श सेवाएं

1. **कंपनी मानकीकरण**—कम्पनी मानकीकरण गतिविधि किसी भी उद्योग के विभिन्न प्रचालनों को सुचारू बनाने में सहायक है, यह महसूस करते हुए बहुत सी संस्थाओं ने इस महत्वपूर्ण गतिविधि में अपने इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने के लिए संस्था की सेवाओं की मांग करनी शुरू कर दी है। इस बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए पूणे और बंबई में दो कंपनी मानकीकरण प्रशिक्षण विचारगोष्ठियों का आयोजन किया गया। तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (तै और प्रा गै आ) देहरादून और ब्यूरो ऑफ पब्लिक एन्टरप्राइजेज के अनुरोध पर तै. प्रा. गै. आयोग के इंजीनियरों के लिए देहरादून और इंजीनियरी उद्योग के सार्वजनिक प्रक्रमों के लिए बम्बई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उद्योगों से परामर्श और विशेष कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप देश में विभिन्न संगठनों के 132 इंजीनियरों को कंपनी मानकीकरण क्षेत्रों की अवधारणाओं, कंपनी मानकीकरण की तकनीकों और कंपनी मानकीकरण गतिविधि के संगठन में प्रशिक्षित किया गया।

2) **एसक्यूसी प्रशिक्षण कार्यक्रम**—वर्ष के दौरान चार एसक्यूसी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें 84 संगठनों और 107 तकनीकी कार्मिकों ने भाग लिया। इन चार में से एक डेयरी उद्योग के तकनीकी कार्मिकों के लिए 'संयंत्र में ही प्रशिक्षण' कार्यक्रम था। अन्य तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम केबल और चालकों के भा मा सं लाइसेंसधारियों के लिए पूर्वी क्षेत्र में, डीजल इंजन लाइसेंसधारियों के लिए पश्चिम क्षेत्र में, और सीमेंट लाइसेंसधारियों के लिए, उत्तरी क्षेत्र में किये। पहले कार्यक्रमों में राज्यविद्युत बोर्ड के इंजीनियरों ने भी भाग लिया। इन कार्यक्रमों ने सम्बद्ध उद्योगों में गुणता नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर विचार विनिमय के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है।

3) **एसक्यूसी परामर्श सेवाएं**—एसक्यूसी परामर्श सेवा के पहले चरण का अन्तिम निरीक्षण डालमिया डेयरी उद्योग, भरतपुर में पूर्ण किया गया और हमारी सिफारिशों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप यह पाया गया कि उच्च नमी अंश के कारण पुर्नसंसाधित किये जाने वाले दुग्धचूर्ण की मात्रा का प्रतिशत काफी कम गया। फर्म ने परामर्श सेवाओं के दूसरे चरण के लिए अनुरोध किया और इस चरण के अन्तर्गत पहले दौरे के दौरान, पूर्व परिचित समस्याओं का विस्तृत अध्ययन किया गया और दूसरे निरीक्षण के दौरान सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण में उनके संयंत्रण के कार्मिकों के लिए शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वर्ष के दौरान परामर्श हेतु चुनी गई दूसरी संस्था अहमदाबाद स्टील क्राफ्ट एंड रोलिंग मिल्स, अहमदाबाद थी। पहले निरीक्षण के दौरान संयंत्र की वर्तमान गुणता-प्रणाली का अध्ययन किया गया तथा उत्पादन की विभिन्न अवस्थाओं और पहलुओं को नियंत्रित करने की योजना को अन्तिम रूप दिया गया।

योजना में इस्पात खंडों के वेल्लन की गुणता और आर्थिक पहलुओं की सतत मोनीटरी के लिए परिकल्पना की गई। दूसरे निरीक्षण के दौरान एसक्यूसी में वहां के इंजीनियरों के उनके संयंत्र के आंकड़ों की सहायता से एक विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

वर्ष के दौरान, वर्तमान गुणता प्रणाली की जांच करने के लिए और सुधारों के लिए सुझाव देने हेतु पांच चुनी गई भा मा सं लाइसेंस इकाइयों में दौरे किये गये। यह गतिविधि क्षेत्रीय स्तर पर की गई।

अन्य गतिविधियां

1) **भा मा सं प्रकाशन**—मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए और आर्थिक एवं औद्योगिक वृद्धि में भा मा संस्था द्वारा महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु संस्था ने निम्नलिखित सार्वधिक पत्रिकाएं/प्रकाशन जारी किये हैं।

—आईएसआई बुलेटिन (अब स्टैंडर्डस् इंडिया)
—मानकदूत (हिंदी में)
—स्टैंडर्डस्, मंथली एडीशन्स
—स्टैंडर्ड्स वल्ड ओवरः मंथली एडीशन
—बायर्स् गाइड
—भारतीय मानकों की विषय-सूची
—मानकों पर प्रकाशित नवीनतम सूचना
—पुस्तकालय को प्राप्त पुस्तकें और पैम्फलेट
—आईएसआई हैंडबुक

निम्नलिखित पर भारतीय मानकों की विशेष सूची:

1) होटल उद्योग
2) ढलाई उद्योग
3) पर्यावरण संरक्षण

2) **अनुवाद सेवाएं**—विभिन्न विशेषज्ञों को मानकों तथा केवल विदेशी भाषाओं में उपलब्ध तकनीकी प्रलेखों से

प्राप्त तत्सम्बद्ध आंकड़ों और सूचना का पता लगाने में काफी सहायता प्रदान की गई।

मानकों, तकनीकी रिपोर्टों और वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रलेखों के लगभग 3 000 पृष्ठों का फ्रांसीसी, जर्मन और रूसी भाषाओं से अनुवाद किया गया। इसके अलावा, विदेशी भाषा प्रलेखों में दी गई सूचना से संबंधित अनेक तकनीकी शंकाओं का समाधान किया गया तथा विदेशी भाषा के प्रलेखों से कई लेखों के सार तैयार किए गए। मानकीकरण और मापविज्ञान संबंधी भारत-सोवियत सहयोग की बैठक में दुभाषिये की सेवा भी प्रदान की गई।

इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स इंजीनियर्स (एसईआई)

संस्था एसईआई को सचिवालयी सुविधाएं देती रही। एसईआई क्रियाशील मानक इंजीनियरों का व्यावसायिक संगठन है। इसके सदस्यों की संख्या 2 000 से भी ज्यादा है। एसईआई संस्था के संवर्धनात्मक प्रयासों में इसके विस्तार केन्द्र के रूप में कार्य करता है। देश में औपचारिक कंपनी मानकीकरण गतिविधि को प्रोत्साहन देने के लिए एसईआई ने लघु, मध्यम तथा बड़े स्तर के क्षेत्रों में सर्वोत्तम संगठन को मान्यता देने की योजना आरम्भ की है। यह मान्यता औपचारिक मानकीकरण गतिविधि की कार्यकुशलता पर आधारित होगी। वर्ष 1985 के लिए लक्ष्मी मशीन वर्क्स लिमिटेड, कोयम्बटूर ने कंपनी मानकीकरण पुरस्कार प्राप्त किया और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, रैलिवोल्फ लिमिटेड, सिमेंस इंडिया लिमिटेड और वालचंद नगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कंपनी मानकीकरण प्रशस्ति पुरस्कार प्राप्त किया। ये एसईआई द्वारा जनवरी 1987 के दौरान आयोजित "सूचना प्रौद्योगिकी–चुनौतियाँ और कार्य-प्रणाली" तथा "सेवा संगठनों में मानकीकरण के प्रति उपागम" सम्बन्धी राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के अवसर पर दिए गए थे।

मानकों की बिक्री

वर्ष 1986-87 के दौरान भारतीय और विदेशी मानकों की बिक्री से प्राप्त राजस्व निम्नलिखित है:

	प्राप्त राजस्व
भारतीय मानक	8 108 841
विदेशी मानकों की बिक्री से प्राप्त कमीशन	491 536

भारतीय मानक संस्था के कार्य में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षागत वर्ष के दौरान संस्था की विभिन्न गतिविधियों में हिन्दी के प्रयोग में निम्नलिखित प्रगति हुई:

भारतीय मानकों का अनुवाद

आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण भारतीय मानकों के हिन्दी अनुवाद की नीति का अनुपालन जारी रहा और हिन्दी अनुवाद के लिए 50 मानकों का चयन किया गया। इनमें से पंद्रह मानक द्विभाषी रूप में प्रकाशन के लिए चुने गए हैं। पंद्रह मानकों का हिन्दी अनुवाद किया गया तथा शेष का अनुवाद किया जा रहा है। ये सभी मानक दैनिक जीवन में काम आने वाले उत्पादों से सम्बन्धित हैं, जिनमें कैंचियां, मिट्टी का तेल, टाइपराइटरों के लिए कार्बन कागज़, साइकिल के लिए रबड़ की ट्यूबें, टमाटर चटनी, एलपीजी के साथ प्रयुक्त घरेलू गैस चूल्हे, सीमेंट, रंगरोगन, बहु-उद्देश्यीय शुष्क बैटरियां इत्यादि सम्मिलित हैं।

संस्था के कार्य में हिन्दी का प्रयोग

वर्ष के दौरान, 122 राजपत्र अधिसूचनाओं, 1165 प्रमाणन मुहर लाइसेंसों, 595 व्यापक परिचालन पत्रों, 5 213 सामान्य आदेशों, 17 प्रेस विज्ञप्तियों और कुछ लेखों का हिन्दी अनुवाद किया गया। इस वर्ष भी संस्था की वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषी रूप में जारी की जाएगी। वर्ष के दौरान हिन्दी यूनिट द्वारा त्रैमासिक पत्रिका "मानकदूत" का प्रकाशन नियमित रूप से किया गया।

क्षेत्रीय और शाखा कार्यालय



संस्था के क्षेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालयों का देश भर में व्यापक रूप से जाल फैला हुआ है, ताकि ये कार्यालय संस्था की सभी गतिविधियों में व्यावहारिक तौर पर प्रभावशाली रूप से भाग ले सकें। बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और चंडीगढ़ में स्थित चार क्षेत्रीय कार्यालय संस्था के शाखा कार्यालयों के माध्यम से अपने क्षेत्र की गतिविधियों में तालमेल के लिए जिम्मेदार हैं। ये शाखा कार्यालय भारत के लगभग सभी राज्यों में स्थित हैं।

संस्था के क्षेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालयों का वर्तमान ढाँचा सारणी 6 में दिया गया है।

ये कार्यालय भा मा संस्था प्रमाणन मुहर योजना के अधीन निरीक्षण और पर्यवेक्षण कार्य करते हैं, और संस्था के प्रकाशनों की बिक्री करते हैं। इन कार्यालयों की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, संवर्धन कार्य करना और मानकीकरण तथा गुणता नियंत्रण के क्षेत्र में परामर्श सेवा प्रदान करना। ये कार्य उद्योगों, शैक्षिक और अनुसंधान संस्थाओं से सीधे सम्पर्क करके और सेमीनार, सम्मेलनों, इत्यादि में सक्रिय भाग लेकर किए जाते हैं।

क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन भी प्रयोगशालाएं काम कर रही हैं। ये प्रयोगशालाएं अपने क्षेत्र से सम्बन्धित भा मा संस्था प्रमाणन मुहर योजना के अधीन नमूनों की अनुरूपता का परीक्षण करती हैं। पटना आदि कुछ शाखा कार्यालयों में भी प्रयोगशालाएं हैं।

वर्ष के दौरान बंगलौर कार्यालय के लिए पिन्नया इंडस्ट्रियल एस्टेट में प्रशासनिक प्रयोगशाला बिल्डिंग काम्पलेक्स का उद्घाटन किया गया और कर्नाटक सरकार द्वारा संस्था को विधिवत् रूप से सौंप दिया गया।

गहन निरीक्षण कार्य को सम्भालने के लिए संस्था के अनेक निरीक्षण कार्यालय काम कर रहे हैं। इन कार्यालयों की संख्या इस समय 15 है।

क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों की गतिविधियाँ और निष्पादन इस रिपोर्ट के सम्बन्धित गतिविधि-शीर्षों के अधीन अन्यत्र दिए गए हैं।

सारणी 6 ब्यूरो के क्षेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालय

क्रम सं०	क्षेत्रीय कार्यालय	शाखा कार्यालय	निरीक्षण कार्यालय
1.	पूर्वी	क) कलकत्ता	बोकारो
		ख) भुवनेश्वर	दुर्गापुर
		ग) पटना	जमशेदपुर
		घ) गुवाहाटी	राउरकेला
			भिलाई
2.	दक्षिणी	क) मद्रास	
		ख) बंगलौर	
		ग) हैदराबाद	
		घ) त्रिवेन्द्रम	
3.	पश्चिमी	क) बम्बई	औरंगाबाद
		ख) अहमदाबाद	नागपुर
			नासिक
			पुणे
			राजकोट
			सूरत
			हलोल
4.	उत्तरी	क) दिल्ली	इलाहाबाद (नैनी)
		ख) भोपाल	अलवर
		ग) चंडीगढ़	सिकन्द्राबाद
		घ) जयपुर	
		च) कानपुर	

भारतीय मानक ब्यूरो
के कार्यालय
चंडीगढ़
नई दिल्ली
अलवर
सिकन्दराबाद
जयपुर
कानपुर
इलाहाबाद
पटना
गुवाहाटी
अहमदाबाद
बोकारो
दुर्गापुर
हलोल
भोपाल
जमशेदपुर
कलकत्ता
सूरत
नागपुर
राउरकेला
भिलाई
राजकोट
नासिक
भुबनेश्वर
औरंगाबाद
बम्बई
पुणे
हैदराबाद
मद्रास
बंगलोर
त्रिवेन्द्रम्
मुख्यालय
क्षेत्रीय कार्यालय
शाखा कार्यालय
निरीक्षण कार्यालय
भा.मा.ब्यू. प्रयोगशालायें

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन आईएसओ) और अंतर्राष्ट्रीय विद्युततकनीकी आयोग आईईसी) की प्रशासनिक और चुनी हुई तकनीकी समितियों में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण गतिविधि में सक्रिय भाग लेना जारी रखा (सारणी 7)। भारत ने भा मा संस्था के माध्यम से गुटनिरपेक्ष आन्दोलन(नैम) के मानकीकरण, मापन और गुणता नियंत्रण (एसएमक्यूसी) सम्बन्धी कार्यदल में अग्रणी भूमिका निभाई। संस्था ने अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सम्बन्ध मजबूत बनाने के लिए भी अपने प्रयास जारी रखे। समीक्षागत वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक, श्री के. आर. परमेश्वर, महानिदेशक, भा मा संस्था की 1987-89 सत्र के लिए दक्षिण एशिया ईरान क्षेत्र के लिए आईएसओ के क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारी के रूप में नियुक्ति है।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:

अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ)

आईएसओ की 40वीं बैठक 16 से 18 सितम्बर 1986 तक जेनेवा में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री के. आर. परमेश्वर, महानिदेशक, भा मा संस्था ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में विचार-ग्रिमर्श के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए:

- आईएसओ मानक तैयार करने के लिए तीव्र प्रक्रियात्मक पद्धति अपनाना,
- मानक मसौदे तैयार करने के लिए आईएसओ/आईईसी के सहमति और सामंजस्य से बनाए गए नियमों के क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा अपनाना,
- यूएसए, जर्मनी और कनाडा की कार्यकारी बोर्ड और जापान-जर्मनी और फ्रांस की तकनीकी बोर्ड में नियुक्ति, और
- अरब पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र और दक्षिण एशिया ईरान क्षेत्र के लिए क्रमशः डा. एम. एच. अनुश (ईरान), श्री आई. जी. साल्वेडो (फिलिपाइंस) और श्री के. आर. परमेश्वर (महानिदेशक, भा मा संस्था) की क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारी के रूप में नियुक्ति।

आईएसओ तकनीकी बोर्ड—आईएसओ तकनीकी बोर्ड की तीसरी बैठक 10 से 12 मार्च 1987 तक जेनेवा में हुई। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व श्री के. आर. परमेश्वर, महानिदेशक, भा मा संस्था ने किया। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया गया और निर्णय लिए गए:

- आईएसओ और आईईसी द्वारा मानक मसौदे तैयार करने के सामान्य नियमों का अनुमोदन,
- प्रारम्भिक या अस्थायी या प्रायोगिक मानक तैयार करने के प्रस्ताव को छोड़ना, और
- अपने कार्य के लिए दूरगामी नीतिगत योजनाएं तैयार करने के लिए तकनीकी समिति को निर्देश देना।

आईएसओ विकास समिति (डेवको) और कासको—डेवको की 21वीं बैठक 5 से 6 जून 1986 तक और कासको की दूसरी बैठक 2 से 3 जून तक जेनेवा में हुई। भा मा संस्था के अपर महानिदेशक (अ.म.नि) डा. बी. एन. सिंह ने इस बैठक में भाग लिया। डेवको ने निम्नलिखित निर्णय लिए:

- विकास कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं के क्रियान्वयन के लिए आईएसओ के केन्द्रीय कार्यालय को विदेशी वित्तीय संसाधन खोजने के लिए अपने प्रयत्न जारी रखने के लिए अनुरोध करना;
- सभी सदस्यों को विकासशील देशों की द्विपक्षीय आधार पर सहायता करने की अपील करना;
- डेवको के सदस्यों को अपने देश में कम्पनी मानकीकरण बढ़ाने के प्रयत्न करने का आह्वान; और

— विकासशील देश के सदस्य निकायों से यह अनुरोध किया गया कि वे मानक तैयार करने के लिए अपने लिए महत्वपूर्ण विषयों का सुझाव दें।

अनुरूपता मूल्यांकन संबंधी परिषद समिति(कासको) के महत्वपूर्ण निर्णय निम्नलिखित से सम्बद्ध थे:

— थर्ड पार्टी मूल्यांकन और सप्लायर के गुणता तंत्र के पंजीकरण संबंधी सामान्य नियम;
— परीक्षण प्रयोगशाला के लिए गुणता मैनुअल बनाने की मार्गदर्शिका; और
— परीक्षण निकायों के लिए अपेक्षाओं संबंधी मार्गदर्शिका।

अंतर्राष्ट्रीय विद्युततकनीकी आयोग (आईईसी)

आईईसी परिषद की बैठक वेस्ट बर्लिन में 7 अक्तूबर 1986 को और आईईसी कार्रवाई समिति की बैठक 2-3 अक्तूबर 1986 को हुई। इनमें भारत का प्रतिनिधित्व श्री के. आर. परमेश्वर, महानिदेशक, भा मा संस्था और प्रो. एस. सम्पत, अध्यक्ष एलटीडीसी के दो-सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने किया। आईईसी परिषद ने निम्नलिखित निर्णय लिए:

— आईईसी की सदस्यता चंदा बांटने की पद्धति में परिवर्तन करने के लिए न्यूजीलैंड का प्रस्ताव परिषद की अगली बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के लिए स्थगित किया गया।
— तीव्र विकासमान प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता पूरी करने के लिए "टेक्नीकल ट्रेण्ड डाक्यूमेंट्स" आरम्भ करने सम्बन्धी प्रस्ताव पर सहमति प्रकट की गई।
— श्री जी. आर. सी मेक्डावेल(यूके) को आईईसी के अगले अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया।
— आईईसी की कार्रवाई समिति में निम्नलिखित देश चुने गए: आस्ट्रेलिया, फ्रांस, नीदरलैंड्स और सोवियत संघ।
— परिषद ने विद्युत ध्वानिकी और पराध्वानिकी संबंधी उपसमितियों के समिति बनाने का अनुमोदन किया।

आईईसी कार्रवाई समिति द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:

— सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आईएसओ और आईईसी द्वारा एक संयुक्त तकनीकी समिति की स्थापना की जाए।
— सामान्य नीति समिति को आईईसी के कार्य की आयोजना बनाने की आवश्यकता और हस्तगत कार्य की प्राथमिकता निर्धारण-पद्धति का अध्ययन करने का काम सौंपा गया।

व्यापार में तकनीकी अवरोध संबंधी गैट समझौता

व्यापार में तकनीकी अवरोध संबंधी गैट समझौते के अधीन संस्था में कार्य कर रहे केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र को गैट सचिवालय से अन्य देशों के तकनीकी विनियमों संबंधी अधिसूचनाएं प्राप्त हुईं और भारत के तकनीकी विनियमों के संबंध में केन्द्र ने अधिसूचनाएं जारी कीं। पूछताछ केन्द्र ने भारतीय मानकों, तकनीकी विनियम और प्रमाणन प्रणाली के बारे में विदेशों से मांगी गई जानकारी भी दी। भारतीय उद्योग की सहायता करने के लिए पूछताछ केन्द्र ने अपने देश के लोगों, उद्योग और सरकारी अभिकरणों को मानकों, तकनीकी विनियमों और अन्य देशों में अपनाई जा रही प्रमाणन प्रणाली के बारे में भी सूचना दी।

पूछताछ केन्द्र और इसकी सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्यूरो और केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में दिनांक 5 जनवरी 1987 को मानकों, तकनीकी विनियमों और निर्यात संबंधी एक सम्मेलन का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के अधिनियम द्वारा विदेशी निर्माताओं और संस्कर्ताओं द्वारा भा मा संस्था प्रमाणन मुहर लगाने के लिए वैधानिक औपचारिकताएं पूरी की गईं।

मानकीकरण, मापन और गुणता नियंत्रण (एसएमक्यूसी) के क्षेत्र में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (नैम) के देशों के मध्य सहयोग

समन्वयकारी देशों की छठी बैठक कार्यात्मक दल की तीसरी बैठक के साथ हवाना में दिनांक 5 से 9 मई 1986 तक हुई। इन बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों में से कुछ निर्णय हैं:

— नैम देशों को गुट निरपेक्ष देशों में उपलब्ध मानकीकरण, गुणता नियंत्रण और उत्पाद प्रमाणन संबंधी प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग उठाने के लिए निमन्त्रित किया।
— नैम देशों में प्रमाणन प्रणाली संबंधी सूचना का संकलन किया जाए।
— एक-दूसरे की प्रमाणन प्रणाली को द्विपक्षीय आधार पर मान्यता देने को प्रोत्साहन देना।
— इकाइयों के प्राथमिक स्तर प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करने की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाएं।

यूगोस्लाविया के प्रतिनिधि मंडल ने विशेषज्ञों, समन्वयकारी देशों और चार कार्यात्मक समूहों की अगली बैठक यूगोस्लाविया में 1987 के उत्तरार्द्ध में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इन बैठकों के साथ एक-दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

सारणी 7 दिनांक 1 अप्रैल 86 से 31 मार्च 87 तक विदेशों में हुई अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडलों का विवरण

क्रम सं०	बैठक, जिसमें भाग लिया	स्थान	प्रतिनिधियों की संख्या	
			भा मा संस्था से	अन्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	आईएसओ तकनीकी बोर्ड और व्यापार में तकनीकी गैट समिति (टीबीटी)	जेनेवा	1	—
2.	मानकीकरण और मापविज्ञान के क्षेत्र में भारत-सोवियत सहयोग विषय 1.4, 1.5 और 1.3	मास्को	4	2
3.	एसएमक्यूसी के क्षेत्र में नैम देश	हवाना	1	—
4.	आईएसओ परिषद् और तकनीकी बोर्ड	जेनेवा	1	—
5.	कासको, डेवको और आरएलओ	जेनेवा	1	—
6.	आईएसओ/टीसी 28 "पेट्रोलियम'	नार्वे	—	1
7.	आईएसओ/टीसी 45 रबड़	मास्को (सोवियत संघ)	1	2
8.	आईएसओ/टीसी 113 खुले नालों में द्रव प्रवाह मापन आईएसओ/टीसी 113/एससी 1 वेग क्षेत्र पद्धति आईएसओ/टीसी 113/एससी 2 नोच, वीयर और फ्लूम आईएसओ/टीसी 113/एससी 3 शब्दावली आईएसओ/टीसी 113/एससी 4 तनुकरण पद्धतियां आईएसओ/टीसी 113/एससी तरल मापन उपकरण और उपस्कर आईएसओ/टीसी 113/एससी 6 अवक्षेण परिवहन आईएसओ/टीसी 113/एससी 7 मापन पद्धति संबंधी विशेष समस्याएं	बीजिंग (चीन)	—	1
9.	आईएसओ/टीसी 126 तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद	टर्की	—	1
10.	आईएसओ/टीसी 8/एससी 11 पोत निर्माण/चिह्न	हमबर्ग (पश्चिमी जर्मनी)	1	1
11.	आईएसओ/टीसी 34/एससी 7 मिर्च मसाले	पैरिस	1	2
12.	आईएसओ/टीसी 102/एससी 3 और एससी 4 लोह अयस्क	टोक्यो	—	1
13.	आईईसी कार्रवाई समिति और आईईसी परिषद्	बर्लिन (पश्चिम)	1	1
14.	आईईसी एससी 17 बी/अल्प/वोल्टता स्विचगियर और नियंत्रण गियर	हालीवुड (यूएसए)	1	—
15.	आईईसी एससी 28 ए अल्प-वोल्टता उपस्कर के लिए विद्युत रोधन समन्वयन	हालीवुड (यूएसए)	1	—

अन्तरसरकारी समझौतों के अन्तर्गत सहयोग

भारत-सोवियत सहयोग—मानकीकरण और मापविज्ञान के क्षेत्र में भारत-सोवियत सहयोग की प्रगति जारी रही। कर्मीदल की ग्यारहवीं बैठक नई दिल्ली में दिनांक 16 से 25 जून 1986 तक हुई। सोवियत प्रतिनिधि-मंडल का नेतृत्व गॉस्टैंडार्ट के उपराष्ट्रपति, श्री ए. एस. नावोलोतकी ने किया और भारतीय प्रतिनिधि-मंडल का भा मा संस्था के महानिदेशक श्री के. आर. परमेश्वर ने। कर्मीदल ने विभिन्न विषयों पर हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया। जिन विषयों पर कार्य पूर्ण हो चुका है, वे हैं:

—श्रमिक सुरक्षा,
—उत्पादों की गुणता के विश्लेषण और मूल्यांकन संबंधी प्रलेखन प्रणाली,
—विद्युतीय संघटकों और परीक्षण पद्धतियों सम्बन्धी सूचना और मानकों का आदान-प्रदान,
—लोह मिश्रधातु मानक,
—विद्युतीय और इलेक्ट्रानी वस्तुओं की विश्वसनीयता पर पर्यावरणीय प्रभाव, और
—उपस्कर तथा कार्मिक प्रशिक्षण।

इन बैठकों के दौरान निम्नलिखित नए क्षेत्रों का काम हाथ में लेने पर सहमति प्रकट की गयी:

—मानकों के सामंजस्य के लिए सिद्धांत और पद्धति,
—राष्ट्रीय पर्यवेक्षण प्रणाली, उत्पाद परीक्षण और प्रमाणन मुहरांकन का कानूनी नियंत्रण,
—तप्त वेल्लित समान्तर बीम, कालम और चैनल, शीत वेल्लित इस्पात की चद्दरें और पत्तियां, और टिन-प्लेट और ब्लैक, प्लेट,
—परीक्षण परिणामों और मापन उपकरणों की जाँच को परस्पर मान्यता देना,
—1 गीगाहट्र्ज़ तक की आवृतियों पर यूनिट साइज की एसी वोल्टता की अन्तरण पद्धति,
—पदार्थों और सामग्रियों के गुणों संबंधी डैटा बैंक और संदर्भ आंकड़े।

अन्य देशों के साथ सहयोग

अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम-संस्था ने नई दिल्ली में 20 नवम्बर 1986 से 31 जनवरी 1987 तक विकासशील देशों के लिए मानकीकरण में 19वां अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 15 विभिन्न देशों अर्थात् अफगानिस्तान, बार्बाडोस, भूटान, क्यूबा, इथोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, नाइजीरिया, साउदी अरब, सूडान, सीरिया, थाइलैंड और वियतनाम के 19 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय खाद्य और नागरिक पूर्ति तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री एच. के. एल. भगत ने किया। 1968 में आरम्भ किए गए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अभी तक एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 41 देशों के 288 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

विशेषित अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम—संस्था ने राष्ट्रीय मानक निकायों और अन्य संस्थाओं के कार्मिकों के लिए अल्पकालिक विशेषित प्रशिक्षण कार्यक्रम और परिचयीकरण यात्राओं का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष के दौरान 4 देशों से 6 नामितियों ने प्रशिक्षण लिया।

विदेशों में प्रतिनिधिमंडल

जिन भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेशों में हुई महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में भाग लिया, उनका विवरण सारणी 7 में दिया गया है। इन बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 प्रतिनिधियों में से 14 भा मा संस्था से थे।

योजनागत परियोजनाएं



सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) के अन्तर्गत अनुमोदित भा मा सं की योजनागत परियोजनाओं के लिए 10.50 करोड़ रु. के व्यय का प्रावधान किया गया है। इनमें प्रयोगशाला सुविधाएं बढ़ाना, रीप्रोग्राफी उपस्कर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी परियोजनाएं, प्रयोगशाला-सह-कार्यालय इमारतें, कर्मचारी आवास इत्यादि सम्मिलित हैं। वर्ष 1986-87 के दौरान विभिन्न योजनागत परियोजनाओं पर 76 लाख रु. खर्च किए गए।

विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति/स्थिति निम्नलिखित है:

चालू परियोजनाएं

क) **गाजियाबाद में केन्द्रीय प्रयोगशाला इमारत**—सातवीं योजना में लागत वृद्धि की पूर्ति करने तथा कुछ अनिवार्य परिवर्द्धन करने के लिए 10 लाख रु. का प्रावधान किया गया है। केलोनिवि को कहा गया है कि वह हिसाब करके देय राशि बताए, ताकि उन्हें अन्तिम भुगतान किया जा सके। वर्ष 1986-87 के दौरान कुछ परिवर्तनों, सुधारों इत्यादि पर 7 लाख रु. खर्च किए गए।

ख) **प्रयोगशाला उपस्कर**—बढ़ते हुए नमूनों का परीक्षण करने के लिए संस्था की विभिन्न प्रयोगशालाओं में अंशांकन सुविधाओं का विकास करने, पुराने उपस्करों को बदलने तथा आधुनिकीकरण के लिए योजना की अवधि के दौरान 5 करोड़ रु. के खर्च का प्रावधान किया गया है। वर्ष 1986-87 के दौरान 63 लाख रु. खर्च किये गये और यह सतत गतिविधि होने की दृष्टि से लगभग 45 लाख रु. के उपस्करों के आदेशों की पूर्ति शेष थी (जुटाए गए मुख्य उपस्करों की सूची कृपया पृष्ठ 27 पर देखें)।

ग) **भवन और सिविल निर्माण के लिए संहिता कार्यान्वयन का विकास कार्यक्रम (एनसीएसटी परियोजना बी-7)**—यह योजना राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति के अनुरोध पर प्रारम्भ की गई। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता (एनबीसी) और अन्य संबंधित भारतीय मानक संहिताओं में उल्लिखित मानकों संबंधी हैंडबुक तैयार करना, एनबीसी के प्रयोग के प्रचार और संवर्धन के लिए विस्तार कार्य तथा विभिन्न राज्यों की भवन निर्माण उपविधियों में संशोधन कराना शामिल है। इस योजना के अन्तर्गत अनेक हैंडबुकों की तैयारी का प्रावधान है। वर्ष के दौरान निम्नलिखित दो हैंडबुकें प्रकाशित की गईं जिससे अब तक प्रकाशित हैंडबुकों की संख्या ग्यारह हो गई:

क) औद्योगिक भवनों की तकनीकी अपेक्षाएं
ख) इमारती लकड़ी इंजीनियरी

निम्नलिखित हैंडबुकों के अन्तिमन के लिए काम आगे बढ़ाया गया:

क) औद्योगिक भवनों के अतिरिक्त अन्य भवनों की कार्यात्मक अपेक्षाएं
ख) भवनों की नींव
ग) इस्पात संहिता (IS : 800) संबंधी व्याख्यात्मक हैंडबुक
घ) छुट्टे भण्डारण के लिए इस्पात संरचनाएं
ङ) अग्नि-सुरक्षा
च) भवन निर्माण रीतियां
छ) चिमनियां

घ) **औद्योगिक भवनों के लिए टाइप निर्धारण संगठन (एनसीएसटी परियोजना बी-8)**—यह योजना राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति की सिफारिश पर पूर्व-निर्माण संबंधी एस एण्ड टी योजना, जिसमें औद्योगिक भवन पद्धतियां भी सम्मिलित हैं, के एक अंग के रूप में आरम्भ की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सीमेंट और इस्पात आदि दुर्लभ सामग्री बचाने के लिए संरचनाओं के अनुकूलतम मानक डिजाइन तैयार करना है। टाइप-निर्धारण के लिए संरचनाओं के आयाम निर्धारित करने हेतु

संरचनाओं का पता लगाने का काम पूरा कर लिया है। वर्ष के दौरान इस्पात पोर्टल ट्रस वाली संरचनाओं(क्रेन रहित) संबंधी हैंडबुक प्रकाशित की गई और निम्नलिखित हैंडबुकों का कार्य प्रगति में है:

क) प्रबलित सीमेंट कंक्रीट के "पोर्टल फ्रेम" वाली संरचनाएं (क्रेन रहित) (भाग 1 एवं 2)
ख) इस्पात की "पोर्टल फ्रेम" वाली संरचनाएं (क्रेन रहित)
ग) इस्पात की "नी-ब्रेस्ड ट्रस" वाली संरचनाएं (क्रेन रहित)
घ) इस्पात के "लैटिस फ्रेम" वाली संरचनाएं (क्रेन रहित)
ङ) प्रबलित सीमेंट कंक्रीट के "रूफ ट्रस" वाली संरचनाएं (क्रेन रहित और क्रेन सहित)
च) प्रबलित सीमेंट कंक्रीट "पोर्टल फ्रेम" वाली संरचनाएं (क्रेन सहित)

ङ) **मानकों के क्रियान्वयन के लिए हैंडबुक बनाना**– उपयोगकर्ताओं को पूर्ण सूचना प्राप्त करने और अन्तर-सम्बद्ध पहलुओं का विवेचन करने में सहायता करने के लिए सम्बद्ध मानक समूहों की हैंडबुकें निकाली जा रही हैं। इन हैंडबुकों में प्रत्येक मानक से महत्वपूर्ण आधारभूत सूचनाएं दी गई हैं। कई हैंडबुकों का कार्य पहले ही हाथ में ले लिया गया है। वर्तमान स्थिति निम्न प्रकार है:

मुद्रित

1. वस्त्रादि परीक्षण
2. सांख्यिकी गुणता नियंत्रण

मुद्रणाधीन

औद्योगिक फास्टनर्स: भाग 1, 2 और 3

संकलनाधीन

1. कृषि मशीनरी का परीक्षण
2. कृषि शब्दावली
3. मृदा इंजीनियरी
4. अग्निशमन उपस्कर
5. विकलांग, शल्य-चिकित्सा, उपकरण और रोपणांग
6. रबड़ परीक्षण पद्धति
7. वस्त्रादि शब्दावली

च) **गैट मानक संहिता के अन्तर्गत केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र**– भारत सरकार ने भा मा संस्था को केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र के रूप में नियुक्त किया है। इस दायित्व को निभाने के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाई जानी हैं, जिसके लिए हार्डवेयर और उपस्कर आदि खरीदने के लिए नागरिक पूर्ति मंत्रालय द्वारा 29 लाख रु. के व्यय का प्रावधान किया गया है। हार्डवेयर और उपस्कर 1987-88 के दौरान खरीदने की योजना है।

रीप्रोग्राफी उपस्कर

प्रलेखों का पुनरूत्पादन शीघ्र करने तथा मानकों और संशोधनों के पुनर्मुद्रण के लिए उपलब्ध रीप्रोग्राफी सुविधाएं प्लेट-निर्माण उपस्कर, इलेक्ट्रोनिक टाइपराइटर, कागज काटने की मशीन, फोटो-कॉपियर, इत्यादि जुटा कर बढ़ाई जानी थी। अब इन्हें खरीद लिया गया है।

नई परियोजनाएं

क) **स्टाफ के लिए आवास**–इस कार्य के लिए सातवीं योजना के दौरान 1.50 करोड़ रु. के व्यय का प्रावधान है। मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में 75 फ्लैट खरीदने/बनाने का प्रावधान है, जिसका प्रस्ताव नागरिक पूर्ति विभाग को प्रशासनिक अनुमोदन के लिए भेज दिया है।

ख) **कलकत्ता में प्रयोगशाला इमारत**–इस भवन के निर्माण के लिए कदम उठा लिए गए हैं। एक भवन निर्माण आयोजना समिति का गठन कर लिया गया है, वास्तुक की नियुक्ति कर ली गई है और भवन की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

ग) **मुख्यालय, नई दिल्ली में नए खंडों के निर्माण सहित वर्तमान भवनों का विस्तार**–वर्तमान परिसर में वर्तमान भवनों का विस्तार और नये खंडों का निर्माण करने के अतिरिक्त फर्श क्षेत्र उपलब्ध कराने की सम्भाव्यता खोजी जा रही है। इस परियोजना के वर्ष 1987-88 के दौरान हाथ में लिए जाने की योजना है।

घ) **मद्रास की वर्तमान प्रयोगशाला-सह-कार्यालय इमारत का विस्तार**–यह परियोजना 1987-88 के दौरान निर्माण के लिए हाथ में ली जा रही है। इसके लिए प्रारम्भिक कदम उठा लिए गए हैं।

ङ) **उ. प्र. में प्रयोगशाला-सह-कार्यालय भवन**-कानपुर में भवन निर्माण के लिए सातवीं योजना के दौरान लगभग 40 लाख रु. का प्रावधान किया गया है। उ. प्र. सरकार द्वारा प्रदत्त भूमि के कानूनी झगड़े के कारण परियोजना आरम्भ नहीं की जा सकी। उ.प्र. सरकार से कानपुर अथवा लखनऊ में कोई और जगह देने का अनुरोध किया गया है।

च) सरकार द्वारा 1987-88 के दौरान खर्च के लिए किए गए 2.50 करोड़ रु. के प्रावधान में पर्याप्त वृद्धि करने पर सहमति प्रकट की गई है। इसमें कलकत्ता और मद्रास में प्रयोगशाला-सह-कार्यालय इमारतों तथा कर्मचारी आवास पर खर्च की जाने वाली राशि सम्मिलित है। बढ़ी हुई राशि से विभिन्न परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाई जाएगी।

राज्य सरकारों के सहयोग से प्रयोगशाला परियोजनाएं

कर्नाटक तथा गुजरात की राज्य सरकारें संस्था को क्रमशः बंगलौर तथा अहमदाबाद में प्रयोगशाला-उपस्करों सहित प्रयोगशाला एवं कार्यालय भवन प्रदान कर रही हैं। स्थिति निम्न प्रकार है:

क) **बंगलौर प्रयोगशाला**—राज्य सरकार द्वारा भवन निर्माण पूरा करने और उसे संस्था को दिनांक 26 नवम्बर 1986 को सौंप देने पर संस्था ने उसका कब्जा ले लिया है। खरीदे जाने वाले उपस्करों के लिए निविदाएं मांगी गई हैं और अभी आदेश देना बाकी है। आशा है ये उपस्कर 1987-88 के दौरान मिल जाएंगे।

ख) **अहमदाबाद प्रयोगशाला**—गुजरात सरकार संस्था को अहमदाबाद के समीप गांधीनगर में 90 लाख रुपये की लागत पर प्रयोगशाला भवन के साथ-साथ प्रयोगशाला उपस्कर देने के लिए सहमत हो गई है। इसके लिए भूमि ले ली गई है, वास्तुक की नियुक्ति कर ली गई है तथा भवन का नक्शा बनाया जा रहा है।

वित्त

संस्था के अपने स्रोतों से आय में वृद्धि के प्रयासों के फलस्वरूप 24 प्रतिशत की बढ़ौतरी हुई। संस्था के आवर्ती खर्च के लिए सरकारी अनुदान का अंश 8.2 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष के प्रतिशत (7.9 प्रतिशत) से सीमांतत अधिक है।

वित्तीय विश्लेषण

आवर्ती–आवर्ती खर्च वर्ष 1986-87 में 10.58 करोड़ रुपए था जब कि गत वर्ष यह खर्च 8.77 करोड़ रुपए था। इस प्रकार इसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि मुख्यतः वेतन और भत्तों तथा संस्था की अन्य गतिविधियों में वृद्धि के खर्च की पूर्ति के लिए, जैसे परीक्षण फीस, प्रयोगशाला उपकरण और स्टोर आदि हैं के कारण, हुई। समीक्षागत वर्ष के दौरान संस्था को अपने साधनों से 9.57 करोड़ रुपए की आय हुई जब कि पिछले वर्ष यह आय 7.72 करोड़ रुपए थी। इस प्रकार आय में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आय में यह वृद्धि मुख्य रूप से प्रमाणन मुहर की गतिविधियों के कारण हुई। जो इस वर्ष 7.94 करोड़ रुपए रही जब कि पिछले वर्ष यह आय 6.21 करोड़ रुपए थी। सरकार ने 87 लाख रुपए का आवर्ती अनुदान दिया। यह कुल खर्च का 8.2 प्रतिशत है।

पूंजी–संस्था की सातवीं पंचवर्षीय योजना के दूसरे वर्ष 1986-87 के दौरान सरकार ने भा मा संस्था की योजनागत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 70 लाख रुपए दिए। इस अनुदान का मुख्य अश भा मा संस्था प्रयोगशाला उपकरण, कम्प्यूटर और इनसे सम्बद्ध उपकरणों की खरीद पर खर्च किया गया।

ऋण

वर्ष 1986-87 में संस्था को 50 लाख रुपए ऋण के रूप में प्राप्त हुए, जिसमें से दस लाख रुपए गृह निर्माण और 40 लाख रुपए वाहन की खरीद के लिए थे। अब तक 285 कर्मचारियों ने गृह निर्माण/गृह की खरीद के लिए ऋण लिया है।

लेखा-विवरण

वर्ष 1986-87 का लेखा विवरण परिशिष्ट 'क' में दिया गया है:

आय के साधन (1986-87)



परिशिष्ट–'क'

1986-87 वर्ष का लेखा

(आंकड़ों को रुपयों तक पूर्णांकों में बदल दिया गया है)

आय-व्यय लेखा

31 मार्च 1987 को समाप्त वर्ष

पिछला वर्ष	क्र. सं०	आय की मद	रु.	रकम (रु.)
6 315 914	1.	सदस्यों का चंदा	4 043 029 2 409 072	6 452 101
	2.	बिक्री		
7 367 870		2.1 भारतीय मानक		7 939 196
42 490		2.2 गणना साधन और बाइंडर		169 645
521 534		2.3 विदेशी प्रकाशन (कमीशन)		491 536
62 085 091	3.	प्रमाणन मुहर		79 405 010
29 927	4.	केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा तथा चिकित्सा प्रभार		33 711
113 393	5.	प्रशिक्षण फीस		383 395
733 854	6.	विविध		780 988
6 888 229	7.	सरकारी अनुदान		8 700 000
				104 355 582
3 569 785		व्यय की आय से अधिकता		1 432 585
87 668 087		योग		105 788 167

व्यय

पिछला वर्ष (रु.)	क्र. सं०	व्यय की मद	रकम (रु.)
	1.	**वेतन**	
7 838 466		1.1 अधिकारी	8 287 473
9 023 780		1.2 कर्मचारी	9 470 187
	2.	**भत्ता**	
12 536 643		2.1 अधिकारी	13 601 973
21 769 662		2.2 कर्मचारी	22 973 811
938 532	3.	केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य चिकित्सा व्यय	1 114 113
920 382	4.	भविष्य निधि अनुदान	1 348 337
3 667 622	5.	पेंशन निधि	4 023 529
30 000	6.	ग्रेच्युइटी (उपादान) निधि	30 000
649 177	7.	कर्मचारी कल्याण	783 913
	8.	**दौरा भत्ता**	
291 502		8.1 विदेश	277 477
2 544 879		8.2 अधिकारी एवं कर्मचारी	2 866 882
74 533		8.3 समिति सदस्य	50 944
476 952		8.4 अवकाश यात्रा रियायत	1 244 205
60 762 130		नीत शेष	66 072 844

कार्मिक प्रबंध एवं प्रशिक्षण



31 मार्च 1987 को संस्था में 2 244 कर्मचारी कार्यरत थे, जबकि पिछले वर्ष संस्था में कर्मचारियों की संख्या 2 196 थी। पिछले तीन वर्षों के दौरान संस्था की प्रमुख गतिविधियों में कर्मचारियों की तैनाती निम्न प्रकार थी:

गतिविधि	31 मार्च को कर्मचारियों की संख्या		
	1987	1986	1985
क) मानक निर्धारण (मानकों, हैंडबुकों, आईएसआई बुलेटिन और विविध प्रकाशनों की तैयारी, प्रकाशन, बिक्री और वितरण)	533	566	548
ख) गुणता आश्वासन और प्रमाणन सेवा (भा मा संस्था प्रमाणन मुहर योजना का प्रचालन और प्रबंध)	665	654	623
ग) प्रयोगशालाएं	348	387	330
घ) तकनीकी संवर्धन (मानक संवर्धन, सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण, पुस्तकालय और तकनीकी सूचना सेवा, प्रचार सदस्यता और कम्प्यूटर सेवा)	189	182	186
ङ) वित्त, कार्मिक प्रबंध और अन्य सहायक सेवाएं (कार्मिक प्रबंध, लेखा, सामान्य सेवाएं, भवन रखरखाव और सुरक्षा)	509	467	497
योग	2 244	2 196	2 184

अनुसूचित जातियों/जनजातियों का प्रतिनिधित्व

समीक्षागत वर्ष के दौरान विभिन्न पद-संवर्गों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व 298 था। अनुसूचित जातियों/जनजातियों के प्रतिनिधित्व का श्रेणीवार विवरण निम्नलिखित अनुसार है:

ग्रेड	31 मार्च 1987 को अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों की संख्या
I	18
II	38
III	96
IV सफाई कर्मचारियों को छोड़कर)	104
सफाई कर्मचारी	42
योग	298

कर्मचारी प्रशिक्षण

ज्ञान में वृद्धि करने, व्यवहार में परिवर्तन लाने, मनोवृति को उच्च करने एवं कार्यकुशलता में सुधार लाने वाले प्रशिक्षण का अवमूल्यांकन नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह कर्मचारियों को सदैव-गतिशील स्थितियों में संस्थागत लक्ष्य एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सकारात्मक योगदान देने के लायक बनाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए तथा भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद की सिफारिशों के अनुसार, संस्था की अल्प और दीर्घकालिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए एक कार्यदल गठित किया गया। कार्यदल ने 1986-87 की प्रशिक्षण योजना प्रस्तुत करने के अतिरिक्त संस्था के कार्मिकों की दीर्घकालिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाने के साथ-साथ आवश्यक सुविधाओं सहित एक पृथक प्रशिक्षण विभाग की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

संस्था के विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों को संस्था में ही प्रशिक्षण देने में उल्लेखनीय प्रगति हुई। वर्ष के दौरान कुल 18 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 300 से अधिक

कर्मचारियों ने भाग लिया। ये कार्यक्रम संस्था की गतिविधि के विविध पहलुओं यथा कम्प्यूटर प्रयोग, भारतीय मानकों के मसौदे बनाने, विभिन्न उत्पादों का परीक्षण, मानकीकरण के सिद्धान्तों एवं व्यवहार संबंधी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आदि से संबंधित थे।

पहली बार 9 से 13 फरवरी, 1987 तक प्रबंध विकास संस्थान, गुड़गांव में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 22 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को आधुनिक प्रबंध तकनीकों की जटिलताओं का ज्ञान होने के साथ-साथ विचार-विमर्श में भाग लेने वाले सिंडीकेट-ग्रुप ने संस्था की प्रशिक्षण संबंधी त्रुटियों के कमज़ोर पहलुओं पर सर्वसम्मति से प्रकाश डाला।

संस्था अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए बाहर की विशेषज्ञ एजेंसियों से पहले की भांति सहायता लेती रही। वर्ष के दौरान इस गतिविधि में प्रशंसनीय वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान विभिन्न संवर्गों के पदों के लगभग 50 कर्मचारियों ने बाहर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाया। यह संख्या पिछले कुछ वर्षों की तुलना में तिगुने से भी अधिक है। जिन कार्यक्रमों का लाभ उठाया गया, उनकी संख्या पिछले वर्षों की तुलना में लगभग दुगुनी रही। इनमें प्रबंधकीय प्रभावशीलता, मानव-शक्ति आयोजना, कार्यालय प्रशासन, शिकायतें, गुणता-नियंत्रण में सुधार, कम्प्यूटर प्रयोग, कार्यक्षम और शून्य-आधारित बजट-व्यवस्था, वित्तीय प्रबंध आदि विविध क्षेत्र समाहित थे। वर्ष के दौरान आयोजित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सूची सारिणी 8 में दी गई है।

नियोक्ता-कर्मचारी संबंध

समीक्षागत वर्ष के दौरान नियोक्ता-कर्मचारी संबंध पहले की तरह सद्भावनापूर्ण बने रहे। प्रबंधकों ने कर्मचारियों की समस्याओं को कर्मचारियों के साथ परस्पर परामर्श व विचार-विमर्श द्वारा सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाया।

कर्मचारी कल्याण

कर्मचारियों का मनोबल एवं समग्र कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए कर्मचारी कल्याण संबंधी कार्यों में संस्था ने प्रत्येक क्षेत्र में एक-एक हॉलीडे होम स्थापित किया है, जो मसूरी, पुरी, कोडईकैनाल एवं लोनावला में हैं, वर्ष के दौरान कुल 213 कर्मचारियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। संस्था ने शारीरिक रूप से स्थायी तौर पर अशक्त/मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के विचार से परोपकार निधि की स्थापना भी की है। समीक्षागत वर्ष के दौरान सात परिवारों को 70 000 रु. की राशि की सहायता दी गई।

अन्य कर्मचारी कल्याण गतिविधियों में कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भंडार, गृह निर्माण ऋण योजना, प्रयोगशालाओं में काम करने वाले कर्मचारियों और खतरनाक पर्यावरण/अवस्थाओं में कार्य करने वाले कुछ अन्य वर्गों के कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा, स्पोर्ट्स क्लबों एवं कैंटीन को अनुदान और कर्मचारी कल्याण निधि के माध्यम से गम्भीर बीमारी अथवा घोर विपत्ति की स्थिति में जरूरतमंद कर्मचारियों को वित्तीय सहायता देना सम्मिलित है। भारत सरकार द्वारा लागू किए गए परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत देय नकद एवं अन्य प्रोत्साहन भी पात्र कर्मचारियों को दिए गए।

सारणी 8 वर्ष 1986-87 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रमांक	शीर्षक	दिनों की संख्या	महीना	स्थान	भाग लेने वालों की संख्या	स्तर
क)	**कम्प्यूटर संबंधी जागरूकता**					
1.	कम्प्यूटर प्रचालन कार्यक्रम	2	अप्रैल 86	चण्डीगढ़	20	स.नि./उ.नि.
2.	कम्प्यूटर प्रयोग एवं प्रक्रियाएं	3	सितम्बर 86	नई दिल्ली	26	सहा. सचिव/अनु. अधि.
3.	कम्प्यूटर संबंधी जागरूकता एवं संबंधित प्रयोग	7	जनवरी 87	नई दिल्ली	29	संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक
ख)	**मानकीकरण में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम**					
4.	पहला पाठ्यक्रम	5	जून-जुलाई 86	नई दिल्ली	27	स.नि./उ.नि.
5.	दूसरा पाठ्यक्रम	5	अगस्त 86	नई दिल्ली	22	स.नि./उ.नि.
6.	तीसरा पाठ्यक्रम	5	सितम्बर 86	नई दिल्ली	25	स.नि./अ.नि.
ग)	**प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम**					
7.	सहायक निदेशक (प्रशिक्षु) 14वां बैच (12 महीने)	360	अक्तूबर 86	नई दिल्ली	12	स.नि. (प्रशि)
8.	प्रयोगशाला तकनीकी सहायक (प्रशिक्षु) प्रशिक्षण कार्यक्रम	360	मार्च 87	नई दिल्ली	19	प्रयो.तक.सहा. (प्रशि)
घ)	**स्टाइल मैनुअल रीतियाँ**					
9.	पश्चिम क्षेत्र कार्यालय के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	10	नव.-दिस. 86	बम्बई	13	स्टाफ
10.	मुख्यालय के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	10	दिसम्बर 86	नई दिल्ली	12	स्टाफ
ङ)	**हिन्दी**					
11.	टिप्पण एवं मसौदा लेखन संबंधी कार्यशाला	2	अक्तूबर 86	कानपुर	10	स्टाफ/अधिकारी
12.	वही	3	नवम्बर 86	चंडीगढ़	8	स्टाफ/अधिकारी
13.	वही	6	नव.-दिस. 86	मुख्यालय	17	स्टाफ
14.	वही	3	दिसम्बर 86	पटना	11	स्टाफ/अधिकारी
15.	वही	2	दिसम्बर 86	अहमदाबाद	21	स्टाफ/अधिकारी
16.	वही	6	दिसम्बर 86-जनवरी 87	जयपुर	16	स्टाफ/अधिकारी
च)	**एलपीजी परीक्षण**					
17.	एलपीजी सिलिंडर एवं वॉल्व परीक्षण (क्षे.का./शा.का./निरीक्षण का)	3	नवम्बर 86	नई दिल्ली	10	स्टाफ/अधिकारी
18.	वही	3	फरवरी 87	नई दिल्ली	10	स्टाफ/अधिकारी

व्यय.....जारी

पिछला वर्ष (रु.)	क्र. सं०	व्यय की मद	रु.	रकम (रु.)
60 762 130		आनीत शेष		66 072 844
	9.	**अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के चंदे**		
1 907 257		9.1 आई एस ओ		2 700 416
1 121 305		9.2 आई ई सी		1 647 535
	10.	**उत्पादन**		
2 150 778		10.1 मानक		2 236 307
925 941		10.2 बुलेटिन		1 027 572
—		10.3 गणना		187 531
458 637		10.4 अन्य प्रकाशन		865 445
—	11.	अनुसंधान और परामर्श		—
3 751 929	12.	परीक्षण फीस		6 125 572
1 250 402	13.	**प्रयोगशाला के उपकरण और स्टोर का सामान**		1 324 756
300 688		13.1 मार्किट नमूने		400 732
	14.	**प्रचार**		
421 278		14.1 प्रदर्शनी		115 328
320 464		14.2 विज्ञापन		509 400
40 900		14.3 विविध		182 747
108 704	15.	सम्मेलन		162 270
59 476	16.	प्रशिक्षण कार्यक्रम		251 513
157 748	17.	इलेक्ट्रॉनिक आंकड़े संसाधन		280 103
	18.	**पुस्तकालय**		
		18.1 पुस्तकें: वर्ष के दौरान व्यय	356 593	
		नामे: पूंजीकृत पुस्तकों का मूल्य	356 593	—
260 782		18.2 अन्य व्यय		313 617
	19.	**कार्यालय खर्च**		
1 170 841		19.1 स्टेशनरी		1 615 467
974 045		19.2 डाक व्यय		1 161 597
863 340		19.3 टेलीफोन तथा टेलेक्स		1 124 669
203 180		19.4 भरती		318 567
189 958		19.5 जलपान और मनोरंजन		223 412
221 786		19.6 वर्दियां		165 822
242 875		19.7 सवारी और ढुलाई		269 630
240 490		19.8 बीमा और बैंक खर्च		396 733
455 355		19.9 विविध		747 796
	20.	**फर्नीचर और सामान**		
		20.1 फर्नीचर और सामान		
		क) वर्ष के दौरान खर्च	949 862	
		ख) नामें: पूंजीकृत परिसम्पत्ति का मूल्य	949 862	—
287 984		20.2 मरम्मत और रख-रखाव		304 806
	21.	**इमारतें**		
1 295 652		21.1 किराया और कर		1 907 126
1 340 266		21.2 बिजली और पानी		1 819 330
985 815		21.3 रख-रखाव		1 286 804
82 470 006		नीत शेष		95 740 447

व्यय.....जारी

पिछला वर्ष (रु.)	क्र. सं०	व्यय की मद	रु.	रकम (रु.)
82 470 006		आनीत शेष		95 740 447
	22.	**स्थानीय परिवहन**		
		22.1 गाड़ियाँ		
		क) वर्ष के दौरान खर्च	128 430	
		ख) नामें: पूंजीकृत परिसम्पत्ति का मूल्य	128 430	—
363 728		22.2 रख-रखाव		381 689
44 601	23.	लेखा जांच और कानूनी कार्यवाही की फीस		103 167
25 540	24.	कर्मचारी प्रशिक्षण		74 234
682 645	25.	आवास निर्माण ऋण पर ब्याज		924 208
—	26.	अशोध्य ऋण बट्टे खाते		22 325
—	27.	चतुर्थ वेतन आयोग का कार्यान्वयन		4 130 732
	28.	**मूल्य ह्रास**		
		28.1 इमारतें		
65 747		क) मुख्यालय	118 390	
184 248		ख) बम्बई	241 418	
26 405		ग) कलकत्ता	213 380	
38 488		घ) मद्रास	42 840	
3 088 402		28.2 प्रयोगशाला उपकरण	3 124 217	
427 919		28.3 फर्नीचर और उपकरण	450 606	
93 416		28.4 गाड़ियां	81 853	
5 686		28.5 जीरॉक्स कॉपिंग उपकरण	4 833	
52 609		28.6 रिहायशी फ्लैट	49 978	
98 647		28.7 रिप्रोग्राफी	83 850	4 411 365
87 668 087		योग		105 788 167

प्राप्ति-भुगतान लेखा–31 मार्च 1987 को समाप्त वर्ष

प्राप्ति

पिछला वर्ष	क्र. सं०	प्राप्ति की मद	रु.	रकम (रु.)
	1.	**अग्र शेष**		
		1.1 नकदी और बैंक शेष	14 319 823	
		1.2 फ्रेंकिंग मशीन शेष	38 074	
10 421 289		1.3 जमा	1 885 000	16 242 897
	2.	**सदस्यता चंदा**		
		2.1 1986 के लिए	2 409 072	
6 593 517		2.2 1987 के लिए	148 305	2 557 377
	3.	**बिलों की वसूली**		
7 854 903		3.1 प्रकाशनों की बिक्री के लिए		8 977 686
62 710 605	4.	प्रमाणन मुहर		77 517 218
29 927	5.	केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा तथा चिकित्सा अंशदान		33 711
113 393	6.	प्रशिक्षण फीस		383 395
719 573	7.	विविध प्राप्तियाँ		612 473
	8.	**सरकारी अनुदान**		
		8.1 आवर्ती व्यय के लिए	8 700 000	
12 321 000		8.2 अनावर्ती व्यय के लिए	6 500 000	15 200 000
	9.	**सरकार से प्राप्त ऋण**		
		9.1 गृह निर्माण अग्रिम के लिए	100 000	
1 600 000		9.2 वाहन अग्रिम के लिए	400 000	500 000
	10.	**दान**		
		10.1 बम्बई कार्यालय की इमारत के लिए	3 241	
2 917		10.2 कलकत्ता कार्यालय की इमारत के लिए	20	3 261
11 408 800	11.	विपरीत मद		13 364 514
	12.	**ऋण और अग्रिम**		
174 669		12.1 वाहन	202 570	
1 072 588		12.2 गृह निर्माण	1 213 639	
256 271		12.3 त्यौहार	435 020	
21 680		12.4 बाढ़/सूखा	26 247	
1 530 781		12.5 समायोजना	3 903 694	
180 071		12.6 बयाना	242 164	
59 339		12.7 प्रतिभूत जमाधन	—	
931 976		12.8 यात्रा भत्ता अग्रिम	940 122	
450 925		12.9 अवकाश यात्रा व्यय अग्रिम रियायत	862 557	
6 880		12.10 पंखा अग्रिम	40 100	
60 851		12.11 वसूली लेखा (कर्मचारी)	28 569	7 894 682
214 920	13.	एस एण्ड टी प्रोजेक्ट		500 000
	14.	हैंडबुक के विकास की बिक्री		17 180
1 592 924	15.	फुटकर देनदारी		2 493 807
120 329 799		योग		146 298 201

भुगतान

पिछला वर्ष	क्र. सं०	भुगतान की मद	रु.	रकम (रु.)
	1.	**वेतन**		
7 838 466		1.1 अधिकारी		8 252 731
9 023 780		1.2 कर्मचारी		9 458 386
—		1.3 चतुर्थ वेतन आयोग का कार्यान्वयन		3 609 790
	2.	**भत्ते**		
12 536 644		2.1 अधिकारी		13 571 954
21 774 662		2.2 कर्मचारी		22 945 823
934 453	3.	केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा तथा चिकित्सा खर्च		1 114 113
806 186	4.	भविष्य निधि अनुदान		892 125
200 000	5.	पेंशन निधि		—
—	6.	ग्रेच्युइटी		—
655 552	7.	कर्मचारी कल्याण		783 913
	8.	**यात्रा-अग्रिम**		
291 502		8.1 विदेश		277 477
2 544 879		8.2 अधिकारी और कर्मचारी		2 866 882
74 533		8.3 समिति सदस्य		50 944
476 952		8.4 अवकाश यात्रा व्यय रियायत		1 244 205
	9.	**अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के चंदे**		
681 287		9.1 आई एस ओ		1 965 166
388 500		9.2 आई ई सी		1 227 240
	10.	**उत्पादन**		
2 093 286		10.1 मानक		2 169 281
896 862		10.2 बुलेटिन		906 978
—		10.3 गणना-साधन एवं बाइंडर		182 531
443 333		10.4 अन्य प्रकाशन		747 689
—	11.	अनुसंधान और परामर्श		—
3 745 009	12.	परीक्षण फीस		6 159 403
1 240 428	13.	**प्रयोगशाला उपकरण और स्टोर**		1 324 756
300 688		13.1 मार्किट नमूने		400 732
	14.	**प्रचार**		
421 278		14.1 प्रदर्शनी		147 628
322 382		14.2 विज्ञापन		845 901
44 200		14.3 विविध		179 747
110 731	15.	सम्मेलन		162 270
62 935	16.	प्रशिक्षण कार्यक्रम		251 513
165 742	17.	इलेक्ट्रॉनिकी आंकड़ा तैयार करने में		195 408
	18.	**पुस्तकालय**		
269 795		18.1 पुस्तकें		340 569
240 444		18.2 अन्य खर्च		307 454
68 584 509		नीत शेष		82 582 609

भुगतान.....जारी

पिछला वर्ष	क्र. सं०	भुगतान की मद	रु.	रकम (रु.)
68 584 509		आनीत शेष		82 582 609
	19.	**कार्यालय खर्च**		
1 181 325		19.1 स्टेशनरी		1 618 009
974 045		19.2 डाक खर्च		1 161 597
1 066 661		19.3 टेलीफोन एवं टेलेक्स		1 124 669
128 120		19.4 भरती		397 484
189 938		19.5 जलपान एवं मनोरंजन		223 684
221 956		19.6 वर्दियां		165 822
247 775		19.7 सवारी और ढुलाई		269 630
